RNI:
UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 237
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, बुधवार, 20 दिसम्बर, 2023

# द अचीवर टाइम्स



## लोकसभा से आज विपक्ष के 49 सांसद निलंबित

# शीत सत्र में अब तक 141 सांसद हो चुके हैं सस्पेंड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, कांग्रेस नेता शशि थरूर और कार्ति चिदंबरम, एनसीपी की सुप्रिया सुले और समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव उन सांसदों में शामिल हैं, जिन्हें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कार्यवाही बाधित करने के लिए निलंबित कर दिया है। विपक्षी सांसदों के निलंबन की कड़ी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के चलते 49 और सांसदों को निलंबित कर दिया. इससे इस सत्र में निलंबित सांसदों की कुल संख्या 141 हो गई है, जो निलंबन के मामले में अब तक की सबसे अधिक संख्या है. नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, कांग्रेस नेता शशि थरूर और कार्ति चिदंबरम, एनसीपी की सुप्रिया सुले और समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव उन सांसदों में शामिल हैं, जिन्हें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कार्यवाही बाधित करने के लिए



निलंबित कर दिया है। पिछले हफ्ते लोकसभा में बड़े पैमाने पर सुरक्षा में चूक को लेकर विपक्षी सांसद संसद के दोनों सदनों में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. वे मांग कर रहे हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सुरक्षा विफलता पर संसद को संबोधित करें। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा है कि सदन में सुरक्षा संबंधी कोई भी घटना सचिवालय के दायरे में आती है और वह केंद्र को हस्तक्षेप नहीं करने देंगे.उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था, ÷सरकार लोकसभा सचिवालय की (जिम्मेदारियों में) हस्तक्षेप नहीं कर सकती. हम इसकी अनुमति भी नहीं देंगे।

**बहस की जरूरत नहीं: पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाचार पत्र को दिए एक साक्षात्कार में सुरक्षा उल्लंघन को बहुत गंभीर मामला बताया और कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए, हालांकि उन्होंने कहा है कि इस पर बहस की जरूरत नहीं है।

**यह सरकार सही बात सुनना नहीं चाहती है।**

विपक्षी सांसदों के निलंबन पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, ÷यह सरकार सही बात सुनना नहीं चाहती है. भाजपा से यह पूछना चाहिए कि वे लोकतंत्र का मंदिर बोलते हैं. हम सब अपने भाषणों में लोकतंत्र का मंदिर कहते हैं। ये किस मूंह से इसे लोकतंत्र का मंदिर कहते हैं, जब ये विपक्ष को बाहर कर रहे हैं। अगर ये दूसरी बार सरकार में आ गए तो यहां बाबासाहेब अंबेडकर का संविधान नहीं बचेगा।

### पहली बार इतने सांसदों को ससपेंड किया गया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी सांसदों के निलंबन पर कहा, ÷मोदी-शाह ने सदन की गरिमा का अपमान किया है. गंभीर सुरक्षा चूक के बावजूद वो संसद में आकर बयान नहीं देते. मुझे बहुत दुःख है कि इतिहास में पहली बार इतने सांसदों को ससपेंड किया गया. ये लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने जैसा है, सदन की मर्यादा पर गहरी ठेस है।

**विधेयकों को बिना किसी सार्थक बहस के पारित किया जा सके - जयराम रमेश का आरोप**

कांग्रेस नेता जयराम नरेश ने सांसदों को संसद से निलंबित किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आज अकेले लोकसभा से कम से कम 50 और भारतीय सांसदों को निलंबित कर दिया गया! पूर्ण सफाया किया जा रहा है ताकि कठोर विधेयकों को बिना किसी सार्थक बहस के पारित किया जा सके, और ताकि 13 दिसंबर को लोकसभा में दो घुसपैठियों के प्रवेश की सुविधा प्रदान करने वाले बीजेपी सांसद बेदाग हो जाएं. नई संसद नमोक्रेसी को उसके सभी अत्याचारों में दर्शाती है।

### आज 49 सांसदों को निलंबित किया गया

निलंबन का सिलसिला पिछले सप्ताह शुरू हुआ. सुरक्षा में चूक के एक दिन बाद विपक्षी सांसद गृह मंत्री से बयान की मांग करने लगे. जिसके बाद 13 लोकसभा सांसदों और एक राज्यसभा सांसद को निलंबित कर दिया गया. कल, विपक्षी सांसदों ने अपना विरोध फिर से शुरू किया। इसके कारण दोनों सदनों में रिकॉर्ड 79 निलंबन हुए. आज 49 सांसदों को निलंबित किया गया।

## अब सड़कों पर छलकेंगे जाम

### महंगी होगी देशी शराब, स्टेशनों पर मिल सकेगी प्रीमियम एल्कोहल

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट ने वर्ष 2024-25 की आबकारी नीति को लागू करते हुए अगले वित्तीय वर्ष में 50 हजार करोड़ रुपये राजस्व जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए विदेशी मदिरा, बीयर, भांग, मॉडल शॉप दुकानों की वार्षिक लाइसेंस फीस पर 10 फीसद की वृद्धि की गयी है। लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क और कोटा बढ़ाने से देशी शराब की बोतल पर न्यूनतम सात रुपये की वृद्धि हो सकती है। वहीं, एयरपोर्ट की तर्ज पर मेट्रो और रेलवे स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड की शराब की फुटकर दुकानों को खोला जा सकेगा। हालांकि इसके लिए रेल मंत्रालय और यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन की अनुमति आवश्यक होगी।

आबकारी राज्मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बताया कि नई नीति में सड़क पर खड़े होकर बीयर पीने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए व्यवस्था की गयी है। बीयर दुकानों के लिए उपभोग की सुविधा, ऑनलाइन आवेदन मिलने



पर डीएम की मंजूरी के बाद जिला आबकारी अधिकारी द्वारा जारी की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम 100 वर्ग फीट का अलग परिसर (परमिट रूम) दुकान की 20 मीटर की परिधि के अंदर होना चाहिए। परमिट रूम की सुविधा 5 हजार रुपये वार्षिक शुल्क पर दी जाएगी। इसमें कैंटीन का सुविधा की अनुमति नहीं मिलेगी। इसके अलावा बार लाइसेंसधारक के परिसर से संबंधित भवन के दूसरे परिसर अथवा टेरेस में अतिरिक्त बार काउंटर की स्थापना के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए लाइसेंस फीस का पांच प्रतिशत या 2.50 लाख रुपये, जो अधिक हो, शुल्क लिया जाएगा। कुछ बार लाइसेंस और क्लब बार की लाइसेंस फीस में वृद्धि की गयी है। इवेंट बार, समारोह बार लाइसेंस की अधिकतम अवधि 12 घंटे और रात्रि 12 बजे तक ही होगी। प्रीमियम रिटेल दुकानों में बिक्री के लिए अनुमन्य एसेसरीज में टॉनिक वाटर और कॉकटेल मिक्सर्स शामिल होंगे। लेकिन ऐसे नॉन एल्कोहलिक पेय पदार्थ अनुमन्य नहीं होंगे, जिनके ब्रांड के नाम, पैकिंग, लेबिल आदि किसी मदिरा ब्रांड से मिलते-जुलते हों, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो।

**ये भी नीति में खास**

- फुटकर दुकानों का आवंटन नवीनीकरण से होगा, डिजिटल पेमेंट की सुविधा रखना अनिवार्य होगा।
- किसी ब्रांड के पंजीकरण, नवीनीकरण के लिए ट्रेड मार्क पंजीकरण अनिवार्य नहीं होगा।
- देशी मदिरा ग्रेन ईएनए आधारित 42.8 फीसद होगी। कांच के साथ ट्रेटा और एसेप्टिक ब्रिक पैक कर सकेंगे।
- प्रीमियम, उससे ऊपर श्रेणी की विदेशी मदिरा की बिक्री 60 एवं 90 एमएल की शीशे के अलावा सिरोंग पैक में भी।
- बार लाइसेंस एवं माइक्रो ब्रिवरी का लाइसेंस एक साथ लेने पर एक

## एक नज़र

### एनसीआर के 2.40 लाख अधूरे घरों का निर्माण किया जाएगा पूरा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में एनसीआर के अधूरे पड़े 2.40 लाख घरों को पूरा करने की मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से खरीदारों को राहत मिलेगी। दरअसल, रियल स्टेट प्रोजेक्ट्स की समस्याओं के निदान के लिए नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था जिसने डेवलपर्स की खराब वित्तीय हालत को देखते हुए अपनी संस्तुतियां दी थी जिस पर निर्णय लिया गया है। इससे रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा और खरीदारों को फ्लैट मिल सकेंगे। कैबिनेट ने नगर निगम कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और आगरा के लिए म्युनिसिपल बांड जारी करने और स्थापना विकास निधि से क्रेडिट रेटिंग इन्वेस्टमेंट के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने को स्वीकृति दे दी है। बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेस कांफ्रेंस में फैसलों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में प्रदेश के 57 जिलों में साइबर क्राइम पुलिस थानों की स्थापना की मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम में आरोपियों की गिरफ्तारी से लेकर उन्हें सजा दिलाने और वसूली में यूपी देश में अव्वल है।

### दिव्यांगों को 26 व 27 को बांटे जाएंगे उपकरण

**अमेठी।** आगामी 26 व 27 दिसंबर को केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित करेंगी। इसको लेकर तैयारी तेज हो गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने जिले के दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण लगाए जाने एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए शिविर लगाकर खोजा है। बताया कि 22 मई 2023 से 25 मई 2023 तक तहसील मुख्यालय के विकास खंड गौरीगंज, अमेठी, मुसाफिरखाना एवं तिलोई में शिविर लगाकर कुल 234 तथा मुख्य विकास अधिकारी अमेठी ने 260 दिव्यांगों का चयन किया है।

# 2024 चुनाव जीतनने के बाद तय करेंगे पीएमः कांग्रेस अध्यक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को हराने के मकसद से बने विपक्षी दलों के INDIA अलायंस के नेताओं की चौथी बैठक मंगलवार (19 नवंबर) को दिल्ली में हुई. इस मीटिंग में INDI अलायंस की तरफ से प्रधानमंत्री चेहरे के लिए कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम रखा गया. सूत्रों के मुताबिक, टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम चेहरे के लिए खरगे के नाम का प्रस्ताव रखा. आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ममता के प्रस्ताव का समर्थन किया. ममता बनर्जी ने इसके साथ ही INDIA अलायंस के कंविनर के लिए भी मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव रखा है। हालांकि, मल्लिकार्जुन खरगे




**INDIA अलायंस की तरफ से प्रधानमंत्री चेहरे के लिए कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम रखा गया। टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम चेहरे के लिए खरगे के नाम का प्रस्ताव रखा. आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ममता के प्रस्ताव का**

ने विनम्रतापूर्वक ढ्ढह्यष्ठढ्ढ अलायंस का चेहरा बनने से मना कर दिया है. उन्होंने कहा कि वह सिर्फ वंचितों के लिए काम करना चाहते हैं. खरगे ने कहा कि पहले चुनाव जीतकर आएंगे, उसके बाद पीएम उम्मीदवार तय करेंगे. सूत्रों के मुताबिक, दलित चेहरा होने की वजह से खरगे का नाम पीएम उम्मीदवार के लिए आगे बढ़ाया गया है. हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, खरगे के नाम पर अभी अंतिम सहमति नहीं बन पाई है.

### मल्लिकार्जुन खरगे ने दी मीटिंग की ब्रीफिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मल्लिकार्जुन खरगे ने INDIA अलायंस की मीटिंग खत्म होने के बाद मीडिया को ब्रीफिंग दी। उन्होंने बताया कि चौथी मीटिंग में 28 पार्टियों ने हिस्सा लिया। नेताओं ने अपने विचार गठबंधन के सामने रखे। लोगों के हित में सब मिलकर किस ढंग से अपने को काम करना है या जो भी शुरू से मुद्दे को उठाना है, इसपर चर्चा हुई। देश में कम से कम 8-10 मीटिंग करने का फैसला हुआ। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में देश की संसद से सांसदों को निलंबित किया जा रहा है। यह अलोकतांत्रिक है. इसके लिए सबको मिलकर लड़ना होगा जिसके लिए हम तैयार हैं. 22 दिसंबर को देशभर में विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। हालांकि, खरगे ने पीएम

### मीटिंग में उठा विपक्षी सांसदों के निलंबन का मुद्दा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** INDIA गठबंधन की बैठक में सांसदों के निलंबन का मुद्दा भी उठाया गया है। यह सुझाव दिया गया है कि विपक्ष इस मुद्दे पर एकजुट होकर लड़ेगा. कुल 141 सांसदों के सस्पेंशन के बाद लोकसभा में

**इन मुद्दों पर हुई चर्चा**

इसके साथ ही INDIA अलायंस की मीटिंग में सीट शेयरिंग फॉर्मूले, अलायंस के कोऑर्डिनेटर, चुनावी एजेंडा और चुनावी मुद्दे समेत इलेक्शन मैनेजमेंट को लेकर चर्चा

## यूपी के किसानों से सीधे उपज खरीद सकेंगे दूसरे राज्य के व्यापारी



एजेंसी

लखनऊ। कृषि मंत्रालय की ओर से कृषि विपणन में सुधार के लिए ई- नाम परियोजना चल रही है। मंत्रालय की ओर से दिए गए निर्देश के तहत 13 तरह के सुधारों में 12 को पहले ही कर लिया गया था।

अब विभिन्न राज्यों के व्यापारी प्रदेश के किसानों से और प्रदेश के व्यापारी दूसरे राज्य के किसानों से सीधे कृषि उत्पाद खरीद सकेंगे। इसके लिए नए सिरे से लाइसेंस जारी किया जाएगा। लाइसेंस जारी करने के लिए कृषि उत्पादन मंडी (28वां संशोधन) नियमावली-2023 में संशोधन किया गया है। मंगलवार को कैबिनेट ने इसी मंजूरी दे दी।कृषि मंत्रालय की ओर से कृषि विपणन में सुधार के लिए ई- नाम परियोजना चल रही है। मंत्रालय की ओर से दिए गए निर्देश के तहत 13 तरह के सुधारों में 12 को पहले ही कर लिया गया था। अब परस्पर व्यापार संबंधी सुधार के लिए नियमावली में संशोधन किया गया है। इससे दूसरे राज्य के व्यापारियों को प्रदेश के कृषि उत्पाद के खरीदने और बेचने के लिए लाइसेंस जारी किया जा सकेगा। वे सीधे किसानों के खेत में जाकर उपज खरीद सकेंगे। इसी तरह प्रदेश के व्यापारियों को दूसरे राज्य के किसानों से सीधे उपज खरीदने का भी मौका मिलेगा। नई व्यवस्था से अंतरराज्यीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को उनकी उपज का प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य मिल सकेगा। किसानों को अन्य राज्यों में भी बाजार का विकल्प उपलब्ध होगा। इससे व्यापारियों को भी फायदा होगा।

## डीसीपी ट्रेफिक लखनऊ द्वारा यातायात उपनिरीक्षक आसिफ अख्तर किये गये लाइन हाजिर

**❖ डीसीपी ट्रेफिक लखनऊ द्वारा यातायात उपनिरीक्षक आसिफ अख्तर लाइन हाजिर, बाकी यातायात पुलिस कर्मियों पर मेहरबानी क्यों ?**

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** गाली बाज यातायात उप निरीक्षक आसिफ अख्तर पर हुई कार्रवाई बाकी यातायात पुलिस कर्मियों पर मेहरबानी क्यों बिजनौर अंडरपास पर पत्रकार यातायात उप निरीक्षक व सिपाहियों ने ड्यूटी के दौरान बलपूर्वक बूथ के अंदर ले जाकर पीटा गया आखिर डीसीपी ट्रैफिक महोदय द्वारा इन सिपाहियों पर मेहरबानी क्यों यातायात अपनी रक्षक आसिफ अख्तर पर कार्रवाई के बाद यातायात सिपाहियों पर मेहरबानी क्यों ड्यूटी के दौरान लगे थे यह यातायात पुलिसकर्मी पत्रकारों से की थी भद्रता सभी यातायात पुलिस कर्मियों ने यातायात बूथ में ले जाकर पत्रकार प्रदीप शुक्ला की बलपूर्वक की थी टी पिटाई तोड़ा था मोबाइल फोन ताकि सच्चाई ना हो उजागर गली बज उप निरीक्षक आसिफ अख्तर की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से हुई वायरल मामले को




लौट रहे डीसीपी ट्रैफिक नियमों का दरकिनार कर के कार्यवाही पूर्व में रहे एसपी कला निधि नैथानी ने जो कार्रवाई की थी वैसी कार्यवाही सोचने लायक होगी लखनऊ संज्ञान में लिया डीसीपी ट्रैफिक ने यातायात उप निरीक्षक को किया लाइन हाजिर बाकी के कर चार यातायात पुलिस कर्मियों पर मेहरबानी क्यों जब एक ही काम में यातायात उपनिरीक्षक आसिफ अख्तर व सिपाही थे शामिल तो कार्रवाई होनी चाहिए बराबर फिर भी केवल यातायात उपनिरीक्षक पर हुई कार्रवाई बाकी को बचाकर वहवही के अंदर चौकी हो या थाना या हो ट्रैफिक बूथ सबके साथ एक जैसा व्यवहार ऐसा पहले ही मामला नहीं है बहुत ऐसे प्रकरण सामने आए हैं जहां पर सम्मिलित हुए सभी सिपाहियों के ऊपर नहीं हुई कार्रवाई एक को किया गया किया लाइन हाजिर जबकि संलिप्त इस मामले में सबकी थी फिर भी सिपाहियों को बचाने का किया जा रहा है प्रयास।

### यातायात उप निरीक्षक आसिफ अख्तर पर की गई कार्रवाई किया गया लाइन हाजिर इन सिपाहियों पर मेहरबानी क्यों

(1) कांस्टेबल अमित कुमार, (2) सुरजीत कुमार, (3) दिलीप कुमार, (4) श्याम सुंदर इन सभी यातायात पुलिस कर्मियों व यातायात एवं निरीक्षक द्वारा पत्रकार के ऊपर बलपूर्वक पिटाई की थी जिस पर सिर्फ यातायात उप निरीक्षक पर कार्रवाई हुई है बाकी पर कार्रवाई क्यों नहीं अब देखने वाले दिलचस्प बात यह होगी कि मामले को संज्ञान में लेकर डीसीपी ट्रैफिक क्या कार्रवाई करते हैं।

### 12 हजार महिला सिपाहियों की होगी भर्ती

**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस में अगले साल महिला शक्ति में जबरदस्त इजाफा होने वाला है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड जल्द 60,224 सिपाहियों की सीधी भर्ती करने जा रहा है, जिसमें करीब 12 हजार महिलाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा पीएसी की तीन महिला वाहिनियों में से एक वाहिनी में भर्ती की अनुमति भी शासन ने प्रदान कर दी है। इसके लिए अलग से 761 महिलाओं को भर्ती किया जाएगा। बता दें कि आगामी दो माह के भीतर नागरिक पुलिस, पीएसी, अग्निशमन सेवाएं, उप्र विशेष सुरक्षा बल में भर्तियों के अलावा कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामर समेत करीब 80 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। पीएसी के अलावा बाकी शाखाओं में नियमों के मुताबिक 20 प्रतिशत महिलाओं को भर्ती किया जाना है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में प्रदेश पुलिस में महिला कर्मियों की संख्या करीब 10 हजार थी, जो बीते सात वर्षों में बढ़कर 40 हजार हो चुकी है। जल्द होने वाली भर्तियों के बाद यह संख्या 50 हजार से अधिक हो जाएगी। पुलिस में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ने से महिला अपराध एवं सुरक्षा संबंधी कार्यों के निष्पादन में मदद मिलेगी। साथ ही, थानों में महिला डेस्क,


# दिल्ली के प्रदूषण से नितिन गडकरी भी हो रहे बीमार

## चार दिन में ही हो जाता है इन्फेक्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गडकरी का कहना है कि इलेक्ट्रिक कार एक बार चार्ज होने पर 450 किमी तक चल सकती है। आने वाले सालों में 1.5 लाख इलेक्ट्रिक बसें आ रही हैं। पंजाब और हरियाणा में 180 प्रोजेक्ट के तहत पराली से इथेनॉल बनाने का कार्य गति से चल रहा है...

सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पर्यावरण के प्रति चिंता जताते हुए कहा है कि उन्हें चार दिन दिल्ली में रह कर ही इन्फेक्शन होने लगता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 40-45 फीसदी प्रदूषण ट्रांसपोर्ट से होता है। एक डिजिटल कॉन्क्लेव में उन्होंने अपने मंत्रालय द्वारा उठाए गए और उठाए जाने वाले मुख्य कदमों की जानकारी दी। गडकरी का कहना है कि इलेक्ट्रिक कार एक बार चार्ज होने पर 450 किमी तक चल सकती है। आने वाले सालों में 1.5 लाख इलेक्ट्रिक बसें आ रही हैं। पंजाब और हरियाणा में 180 प्रोजेक्ट के तहत पराली से इथेनॉल बनाने का



कार्य गति से चल रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे अब श्रीलंका और बांग्लादेश इथेनॉल भारत से मांग रहे हैं। उन्होंने अपने वेस्ट टू वेल्थ मिशन का ज़िक्र करते हुए कहा कि वे कूड़े-कचरे को इस्तेमाल में ला कर विकास का कार्य आगे बढ़ा रहे हैं, इससे पर्यावरण में काफी सुधार आने के अवसर है। दिल्ली में गाजीपुर कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई कम की गई है। उन्होंने निर्माण कार्य में बांस की लकड़ी का इस्तेमाल कर प्रदूषण कम फैलने की बात कही, इससे युवाओं में रोजगार के अवसर भी तेजी बढ़ रही है। उन्होंने ने अपने भविष्य के प्रोजेक्ट का ज़िक्र करते हुए बताया कि वे चेन्नई में चार स्तर की सड़क निर्माण की योजना बना रहे हैं, जिसमे नीचे रोड, इसके ऊपर दो फ्लाईओवर की लेयर और फिर मेट्रो की लेयर होगी। साथ ही उन्होंने इलेक्ट्रिक मेट्रो निर्माण की योजना साझा की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया से हो रही कमाई के बारे में बताया कि उससे आने वाले पैसे को वे सामाजिक कार्यों में लगाते हैं। सोशल व्यवसाय से उन्हें लगभग 25 करोड़ रुपये की कमाई हो चुकी है।

# समस्या- जर्जर एवं बदहाल स्थित में हुलासी कुंवा से तकिया संपर्क मार्ग



चन्द कदमों के सफर में विद्यार्थीयों एवं राहगीरों को अग्निपरीक्षा के दौर से गुजरना पड़ता है। कब किस गड्ढे में फंसकर कोई चोटिल हो जाय, कहा नहीं जा सकता हैं।

वैसे तो यह सड़क वर्षों से नहीं बनी हैं। परन्तु जब यदि बनती हैं तो उनके निर्माण का स्तर इतना निम्न होता हैं वे निर्धारित समय से पहले ही जर्जर हो जाती हैं। हुलासी कुंवा से तकिया जोड़ने वाले इस संपर्क मार्ग के मध्य में उगू कस्बा हैं जिसमें की दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित की ससुराल एवं पूर्व गृहमंत्री गोपीनाथ दीक्षित का पैतृक आवास हैं व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माता मंशारानी मंदिर पंडाखेड़ा भी इस मार्ग के द्वारा ही जाया जाता हैं। इतना सब जानने के बाद भी जिम्मेदार, प्रशासनिक अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर जाता ही नही हैं। डम्परो एवं लोडरो की ओवरलोडिग से सड़क टूटकर जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है।

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**सफीपुर- उन्नाव।** उन्नाव- हरदोई मार्ग को लखनऊ- बांगरमऊ मार्ग से जोड़ने वाला हुलासी कुंवा से तकिया संपर्क मार्ग जर्जर एवं बदहाल स्थित में हैं। मार्ग पर चलने पर केवल गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं वही रोड़ टूटने पर पड़ी गिट्टी आए दिन किसी बड़ी दुर्घटना के दावत देती नजर आ रही हैं। उन्नाव- बांगरमऊ- हरदोई जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफीपुर कस्बे से 04 किलोमीटर आगे स्थित हुलासी कुंवा से उगू होते हुवे संपर्क मार्ग जोकि बांगरमऊ से लखनऊ राजमार्ग पर स्थित तकिया चौराहा से जोड़ने वाले सड़क की दशा बहुत ही खस्ताहाल हैं। मियागंज एवं बांगरमऊ व गौरिया कलां के आसपास बसे करीब 100 से अधिक गांव के लोग उन्नाव जाने के लिए इस वैकल्पिक मार्ग का सहारा लेते हैं। लेकिन इसकी दशा अत्यंत खराब हैं। लगभग 10 किलोमीटर लंबी सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हैं। इस मार्ग पर नासूर बने गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानियों का सबब बने हैं। इस पर कुछ स्थानों पर वाहन चलना तो दूर पैदल चलना तक दूभर हो जाता हैं। सफीपुर तहसील में आने वाले कई अधिवक्ता जो इसी मार्ग के बीच बसे अन्य गांव में रहते हैं जो प्रतिदिन आवागमन करते हैं तथा सैकड़ों की संख्या में लोग अपने दैनिक कार्य हेतु सफीपुर या हुलासी कुँवा आते हैं जिससे इस खस्ता हाल सड़क पर चलने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। बताते चले कि यह मार्ग ऊगू ग्रामीण व नगर पंचायत ऊगू, कुजगंवा, कुडीना, मतलबपुर, जगदीशपुर, सेंता, पंडाखेड़ा, मुंडा, गुरधरी, मवई, खेवरइ, तकिया, रूरी सादिकपुर सहित सैकड़ों गांवों को जोड़ता हैं।

वहीं पुरवा निवासी अभिषेक सिंह कहते हैं कि उन्हें पढ़ाई के लिए सफीपुर आना होता है परंतु सड़क पर बेहद गड्ढे होने की वजह से बेहद असुविधा का सामना करना पड़ता है इतने गड्ढे इस सड़क पर नजर आते हैं कि बाइक चलाना भी मुश्किल हो जाता हैं।

मंशादेवी देवी मंदिर के प्रबंधक शिवबक्श सिंह बाबू जी कहते हैं कि गड्ढा मुक्त सड़कों के आदेश के बाद उन्हें उम्मीद जगी थी कि मंदिर में आने वाले भक्तों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा परंतु गड्ढा मुक्त का कोई भी आदेश इस सड़क पर लागू न हुआ इस सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे है जिससे भक्तों को आने में बेहद असुविधा का सामना करना पड़ता है।

राहगीरों को पैदल, साइकिल, बाइक से निकलना मुश्किल हो जाता हैं।

## एक के बाद एक गुजरी ट्रेनें, चालकों की जल्दबाज़ी की होड़ में वाहनों की लगी लंबी कतार

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**शुक्लागंज- उन्नाव।** मंगलवार दोपहर करीब बारह बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें गुजरी। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। क्रासिंग खुलने के बाद वाहन सवार जल्दबाजी में निकले और आड़े-तिरछे वाहन लगा दिये। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। पुलिस न मौजूद होने के कारण राहगीरों ने आड़े- तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया गया। जिसके बाद जाम हट सका। वहीं पूरे दिन रूक- रूक कर जाम लगता रहा। शाम करीब पांच बजे बैराज मार्ग पर जाम लगने के कारण डाउन लाइन के आउटर पर रायबरेली पैसेंजर खड़ी रहीं। गेटमैन ने किसी तरह फंसे वाहनों को बाहर निकला और गेट बंद किया। जिसके बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे ट्रेन रवाना हो सकी।

## जिलास्तरीय जांच टीम ने गांव पहुंचकर विकास कार्यों की परखी गुणवत्ता



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**बांगरमऊ- उन्नाव।** जिलास्तरीय जांच दल ने मंगलवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरसेनी पहुंचकर विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। जांच टीम को लेकर गांव तथा ब्लाक में अफरातफरी का माहौल बना रहा। ग्राम सुरसेनी निवासी इकबाल पुत्र मोहमद सफी तथा रफीक पुत्र अब्दुल मजीद द्वारा बीते दिनों विभिन्न विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई थी। शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी ने जांच हेतु डीसी मनरेगा महेंद्र कुमार चौबे, शिवराम सिंह जिला युवा कल्याण अधिकारी व जेई सुनील कुमार की टीम गठित कर दी थी। मंगलवार को जांच टीम ग्राम सुरसेनी पहुंची। जहां टीम ने सामुदायिक शौचालय, इंटर लाकिंग मार्ग व नाली आदि विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जांच टीम द्वारा विकास कार्यों की गुणवत्ता से संबंधित रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी। जांच के दौरान खासकर ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। जांच के समय खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र प्रताप, सहायक विकास अधिकारी कौशल कुमार, सुभाष गौतम व पंचम लाल आदि ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहें।

# एक नज़र

## मारपीट मामलें में पुलिस ने दोनों पक्षों से रिपोर्ट दर्ज कर 11 लोगों का शांति भंग में किया चालान

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**चकलवंशी- उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र ग्राम चितौली मे खेत की कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। पुलिस ने दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर 11 लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया हैं। सोमवार को चितौली में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले थे। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर एक दूसरे के 17 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराया था। मंगलवार को पुलिस ने प्रथम पक्ष के अनिल पाल पुत्र दिनेश पाल उम्र 22 वर्ष, नरेश पुत्र कन्हई उम्र 35 वर्ष नि0 ग्राम चितौली थाना माखी उन्नाव व द्वितीय पक्ष के अमृतपाल उर्फ आलम पण्डित पुत्र स्व0 रघुवीर उम्र 28 वर्ष, अशोक कुमार पुत्र स्व0 रघुवीर उम्र 40 वर्ष, बृजेश कुमार पुत्र जगदीश उम्र 33 वर्ष, रजनेश पाल पुत्र झूरी उम्र 19 वर्ष, झूरी पुत्र स्व0 बेनी उम्र 52 वर्ष, शामली पुत्र स्व0 रघुवीर उम्र 45 वर्ष, रोहित पाल पुत्र झूरी उम्र 25 वर्ष, जीत बहादुर पाल उर्फ नन्हके पुत्र रामजीवन उम्र 24 वर्ष, सर्वेश कुमार पुत्र जगदीश उम्र 38 वर्ष नि0गण ग्राम चितौली थाना माखी उन्नाव के मध्य जमीन की कब्जेदारी को लेकर गाली-गलौज व वाद- विवाद हुआ था। सभी को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया है, पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

## पूजित अक्षत कलश की श्रद्धालुओं ने यात्रा निकाल किया भव्य स्वागत

### नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा में भाग लिया।





**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज- उन्नाव।** श्रीराम की जन्म भूमि और तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश की श्रद्धालुओं ने नगर में यात्रा निकाल कर भव्य स्वागत किया। कलश की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने नगर में बड़ी धूमधाम से कलश यात्रा निकाली। जिसमें नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर भाग लिया। शोभा यात्रा में अक्षत कलश को भक्त जन अपने हाथों व सिर पर लेकर प्रभु राम के भजनों को गाते हुए श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। अक्षत कलश को राम भक्तों के द्वारा ले जाने के दौरान नगर में पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत हुआ। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि अयोध्या से आये अक्षत कलश का पूजन कर नगर भ्रमण कर भव्य स्वागत किया गया। बताया कि 01 जनवरी से 15 जनवरी तक घर-घर संपर्क अभियान का आयोजन किया जाना हैं। सभी कार्यकर्ता अयोध्या से आये पूजित अक्षत को नवाबगंज क्षेत्र के प्रत्येक परिवारों में पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी, सुशील श्रीवास्तव, अजय सिंह, मनोज, रंजीत वर्मा आदि समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद रहें।

## उपचार के दौरान एक सप्ताह बाद चाचा की मौत

### वहीं पुलिस ने दबिश दौरान दो हत्यारोपितों भतीजों को किया गिरफ्तार।

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज- उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव में भूमि व दुकानों पर जबर्दस्ती कब्जा करने का विरोध करने पर जान से मारने के नियत से भतीजों ने चाचा पर पेट्रोल डाल जला दिया था। झुलसे चाचा की इलाज दौरान एक सप्ताह बाद सोमवार शाम मौत हो गई थी। मौत के बाद सोहरामऊ पुलिस ने अर्जुनामऊ गांव स्थित जूनियर हाईस्कूल से सौ मीटर की दूरी पर मंगलवार दबिश दौरान दो हत्यारोपितों भतीजों को गिरफ्तार किए जाने का दावा किया हैं। बतातें चलें कि मृतक पिता वीरेंद्र की बेटी सोनी की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व प्रधान समेत दस लोगों पर केस दर्ज किया था। मामलें में पुलिस ने गांव के पूर्व प्रधान वीरेंद्र और उसके भाई सूर्य कुमार (जिससे विवाद) जगदीश, रविन्द्र, अजय, विजय, अरुण, शुभम, वैभव व जीतू पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह अर्जुनामऊ गांव स्थित जूनियर हाईस्कूल से सौ मीटर की दूरी पर दबिश दौरान सोहरामऊ थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव निवासी भतीजा जीतेंद्र सिंह उर्फ जीतू पुत्र वीरेंद्र सिंह और चचेरा भाई वैभव सिंह उर्फ शिशू पुत्र सूर्य कुमार सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट आदेश पर जेल भेज दिया हैं।

## अनियंत्रित पिकअप गहरी खाई में गिरी बाल बाल बचा ड्राइवर

**द अचीवर टाइम्स मुकेश राजपूत**

**उन्नाव।** विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के पंडित खेड़ा गांव किनारे ग्रामीणों ने देर रात एक महिंद्रा पिकप खड़ी देखी काफी देर अंधेरे में पिकअप खड़ी होने पर अनहोनी की आशंका हुई तो कई ग्रामीड मौके पर पहुंचकर रुकने का कारण पूछा तो पिकप ड्राइवर बिना कुछ बताए मौके से तेज रफ्तार में उम्मेदखेड़ा की तरफ भाग निकला। तेज रफ्तार होने के कारण घंशी खेड़ा मोड़ के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खंती में कई पलटे खाते हुए जा गिरी जिसमे पिकप ड्राइवर बाल बाल बच गया।

# अनियंत्रित डी सी एम ने बाइक चालक को रौंदा हालत गंभीर




**द अचीवर टाइम्स मुकेश राजपूत**


**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के भूमेशवर-सरोसी मार्ग पर जंगेनगर के पास डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया है । डीसीएम चालक मौका पाकर मौके से भाग निकला । गंगाघाट थाना क्षेत्र के अतरी निवासी मनोज (25)पुत्र सुखलाल करीमाबाद अपनी बहन के यहाँ करीमाबाद गया था। मंगलवार को सायं जंगेनगर चौराहे से वापस करीमाबाद जा रहा था। चौराहे से एक किमी दूर अंधे मोड़ पर बोरिंग के पाइप लेकर जा रही डीसीएम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार 20 मीटर सडक पर घिसटता चला गया। जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया मौका देख डी सी एम चालक गाडी लेकर मौके से भाग निकला । राहगीरों ने घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया है जहाँ डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए कानपुर हैलट के लिए रिफर कर दिया युवक की हालत डॉक्टरों द्वारा चिंताजनक बताई जा रही है

## विकसित भारत यात्रा के तहत कंपोजिट विद्यालय में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**शुक्लागंज- उन्नाव।** वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केन्द्र सरकार की लाभकारी योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए जनपद में विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं। उसी के तहत मंगलवार को नेतुआ ग्रामसभा स्थित आजाद नगर कंपोजिट विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पुत्र प्रखर गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी दीपक गौतम, विकसित भारत यात्रा के नोडल अधिकारी वीरेन्द्र अवस्थी, ग्राम प्रधान अरूण रावत, लेखपाल मनोज यादव आदि लोग मौजूद रहें। इसके साथ ही विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिस पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# माता रानी मंदिर पर नल में पीने योग्य पानी नही है जिम्मेदार मौन बाबा या भक्तजनों को उठाना पड़ रहा है दिक्कत का सामना ग्राम विकास अधिकारी को दिए गए लिखित में प्रार्थना पत्र



**द अचीवर टाइम्स प्रिंस पांडेय**

**सीतापुर।** तहसील सिधौली ब्लाक पहला की ग्राम पंचायत कंदई महिमापुर में बना देवस्थान पर लगा नल में नहीं आ रहा पानी पीने योग बाबा भटक रहे नल नल लगवाने के लिए पर कोई नहीं सुन रहा बाबा की फरियाद और भक्ता जान से भी पूछा गया तो बोल पानी पीने योग्य नहीं है और यहां पर आसपास माता रानी के मंदिर के पास कोई नल नहीं है बाबा ने लिखित में दिया प्रार्थना पत्र ग्राम विकास अधिकारी अजय शुक्ला को अब यह देखना है की माता रानी मंदिर पर नल लग पाएगा या इसे एक हादसा समझकर भूल जाए ग पानी से भक्तजनों को बहुत सी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है जैसे की संतलाल आकाश पप्पू शिव बालक दिवाकर शिवकुमार पांडे ललित कुमार वर्मा रामदास रमेश राम हर्ष और मीडिया प्रभारी प्रिंस कुमार पांडे मौके पर उपस्थित रहे और देखा कि नल में ना पानी पीने योग्य है और काफी झज्जर नाल भी है जब मीडिया कर्मी ने पूछा वहां के बाबा से तो बाबा ने बताया कि हम सबसे कह चुके हैं पर कोई सुनता नहीं अब देखना या होगा क्या ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार शुक्ला क्या इस पर कोई लेंगे एक्शन या इसी तरह पड़ा रहेगा वहां का नल।

# जमीन कब्जे को लेकर दो पक्षों में चले जमकर लाठी डंडे 11 लोगों के शांतिभंग में चालान




**द अचीवर टाइम्स मुकेश राजपूत**

**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र ग्राम चितौली मे खेत की कब्जे दारी को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले । पुलिस ने दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर 11 लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया है । सोमवार को चितौली में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले थे। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर एक दूसरे के 17 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराया था। मंगलवार को पुलिस ने प्रथम पक्ष के अनिल पाल पुत्र दिनेश पाल उम्र 22 वर्ष नरेश पुत्र श्री कन्हैयी उम्र 35 वर्ष नि0 ग्राम चितौली थाना माखी उन्नाव व द्वितीय पक्ष के अमृतपाल उर्फ आलम पण्डित पुत्र स्व0 रघुवीर उम्र 28 वर्ष अशोक कुमार पुत्र स्व0 रघुवीर उम्र 40 वर्ष बृजेश कुमार पुत्र श्री जगदीश उम्र 33 वर्ष रजनेश पाल पुत्र श्री झूरी उम्र 19 वर्ष झूरी पुत्र स्व0 बेनी उम्र 52 वर्ष शमली पुत्र स्व0 रघुवीर उम्र 45 वर्ष रोहित पाल पुत्र झूरी उम्र 25 वर्ष जीत बहादुर पाल उर्फ नन्हके पुत्र रामजीवन उम्र 24 वर्ष सर्वेश कुमार पुत्र जगदीश उम्र 38 वर्ष नि0गण ग्राम चितौली थाना माखी उन्नाव के मध्य जमीन की कब्जेदारी को लेकर गाली गलौज व वाद विवाद हुआ था । सभी को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया है ।पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## अयोध्या के मंदिरो में राम विवाह की धूम

**अयोध्या।** भगवान राम की नगरी में आज भगवान राम माता जानकी के साथ प्रतीकात्मक रूप से बंधेंगे परिणय सूत्र में, विवाह पंचमी की तिथि पर आज मठ मंदिरों में होगा राम सीता का विवाह, सीताराम विवाह महोत्सव की तैयारी रामनगरी के सभी मठ मंदिरों पर प्रमुखता से,भगवान राम अपनी बारात लेकर निकलेंगे रामनगरी की सड़कों पर, हाथी घोड़े बैंड बाजे के साथ रामनगरी के एक दर्जन से ज्यादा मठ मंदिरों में होंगे वैवाहिक आयोजन,घुड़ चढ़ी बारात द्वार पूजा और भगवान का विवाह होगा संपन्न ,प्राण प्रतिष्ठा के पहले राम विवाह को लेकर रामनगरी में चल रहा है तैयारियो का दौरा,दूरदराज से राम भक्त पहुंचे हैं सीताराम विवाह महोत्सव का आनंद लेने के लिए रामनगरी।

# कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से जमीन का बैनामा करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**पाटन- उन्नाव।** थाना बिहार पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से जमीन का बैनामा करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

प्रेमलता पत्नी बुद्धीलाल निवासिनी ग्राम धुँवाधार थाना बिहार जनपद उन्नाव द्वारा थाना बिहार पर तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें बताया कि अभि0गणों द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी कर शिवशंकर पुत्र दीनदयाल नि0 मानपुर थाना बीघापुर जनपद उन्नाव की जमीन फर्जी तरीके से शिवशंकर उपरोक्त ने भी अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को खड़ा करके प्रेमलता को रजिस्ट्री कर बैनामा करा दी गयी तथा जमीन बैनामा कराकर शिवशंकर द्वारा जमीन का पैसा अपने खाते में जरिये चेक प्राप्त किया गया। अभियोग उपरोक्त में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर मंगलवार को वांछित अभियुक्त शिवशंकर पुत्र स्व0दीनदयाल शर्मा उम्र 66 वर्ष को टैम्पू स्टैण्ड कस्बा पाटन हाईवे पुल के नीचे लगे फलों के ठेलों के पास से गिरफ्तार किया गया।

# भूमि अध्याप्त अधिकारी से शिकायत लेखपालों की दो सदस्यी टीम पहुंची गांव



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**बिछिया- उन्नाव।** सदर तहसील के गांव सराय कटियान में गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा बनना हैं जिसको लेकर किसानों की जमीन अधिग्रहण के लिए किसानों के नाम अखबार में प्रकाशित किए गए थे। जिसमें किसानों ने भूमि अध्यास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया था कि आधी- अधूरी जानकारी के साथ एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया हैं। जिसकी शिकायत भूमि अध्यास अधिकारी से की गई थी। जिसके बाद गांव में लेखपालों की दो सदस्यों की टीम गांव पहुंची। सदर तहसील के गांव सराय कटियान के ग्राम प्रधान सुनील साहू ने भूमि अध्यास अधिकारी को शनिवार को शिकायती पत्र देकर बताया की गांव में जिन किसानों की भूमि गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा बनाने के लिए यूपीडा द्वारा अधिग्रहित करके क्रय किया जाना हैं। उनमें से दर्जनों किसानों द्वारा शिकायत पत्र देकर अवगत कराया गया हैं कि उनकी परिसम्पत्तियाँ गजट में छूट गई हैं। जिसकी समस्या का समाधान करने राजस्व विभाग से दो लेखपालों की टीम संजय शुक्ला और दीपेंद्र तिवारी गांव पहुंचे जिसमे करीब 35 किसानों का गजट छूट गया था ग्रामीणों में रघुनंदन, राकेश, ओम प्रकाश, रामनाथ, विकास, प्रमोद, मुन्ना, पप्पू सहित दर्जनों किसानों ने बताया की लेखपाल को समस्या बता दी हैं जल्द समस्या समाधान की बात कही हैं की उनके खेत में बोरिंग, पेड़, मकान हैं लेकिन गजट में कहीं उसका जिक्र ही नही हैं।

# शिक्षक बेटे का ज्वाइनिंग पत्र आने पर परिजनों में खुशी का माहौल



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**पुरवा- उन्नाव।** विकास खंड के गांव चमियानी के सहायक शिक्षक शुभम चौधरी ने लोवर पीसीएस में आपूर्ति निरीक्षक के पद का ज्वाइनिंग पत्र आने पर परिजनों में खुशी का माहौल हैं। वहीं मंगलवार को शुभम को विद्यालय में विदाई देकर कार्य मुक्त कर दिया गया हैं। शुभम चौधरी ने बताया कि प्रारम्भिक शिक्षा गांव में तथा इण्टर जय किसान इंटर कॉलेज, स्नातक महाप्राण निराला कॉलेज बीघापुर से व बीएड 2018 तथा 2019 में टीटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद घर में ही नौकरी पाने के लिए तैयारी की। 2019 में ग्राम विकास अधिकारी की परीक्षा पास की लेकिन ज्वाइन नहीं किया। फिर बीईओ के पद पर आवेदन करने पर प्री परीक्षा पास की। शिक्षक के लिए आवेदन करने पर अक्टूबर 2020 में सहायक शिक्षक के रुप में बिछिया के तारगांव उ0 प्र0 कम्पोजिट विद्यालय में सहायक शिक्षक के रुप शुभम बच्चों को शिक्षा दे रहें थे। लेकिन लोवर पीसीएस में परीक्षा देने के बाद 09 दिसम्बर 2022 को लोवर पीसीएस में आपूर्ति निरीक्षक की परीक्षा उत्तीर्ण किया था। लेकिन आपूर्ति निरीक्षक के पद के लिए ज्वाइनिंग पत्र अब मिला हैं। जिसके चलते विद्यालय से कार्य मुक्त कर दिया गया हैं। शुभम का सपना पीसीएस बनने का हैं। तैयारी अभी जारी रहेगी। पिता चक्रेश चौधरी विदेश कुवैत में नौकरी करते हैं। मां राजवती गृहणी हैं।

## डिंपल यादव, एसटी हसन, दानिश अली...

# जानिए संसद से सस्पेंड होने वालों में से कौन-कौन?

- लोकसभा और राज?यसभा से कुल 141 सांसद सस?पेंड किए जा चुके हैं।
- डिंपल यादव, एसटी हसन और दानिश अली भी निलंबित किए गए हैं।
- लोकसभा में सुरक्षा चूक के मुद्दे पर लगातार आक्रामक हैं विपक्षी सदस्य।
- संसद के बाहर डिंपल यादव।




संवाददाता

**लखनऊ।** दानिश अली को कुछ समय पहले बसपा से निकाले जा चुके हैं। वह अमरोहा से सांसद हैं। कुछ समय पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी से उनकी मुलाकात की फोटो वायरल हुई थी। माना जा रहा है कि इससे मायावती असहज हुई और उन?होंने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में दानिश अली को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। लोकसभा की सुरक्षा में चूक मामले को लेकर लगातार संसद में विपक्ष का हंगामा चल रहा है। शीतकालीन सत्र में अब तक लोकसभा और राज?यसभा के मिलाकर 141 सांसद निलंबित किए जा चुके हैं। सोमवार को जहां 78 सदस्य सस्पेंड किए गए थे तो वहीं मंगलवार को 41 और सांसदों को निलंबित कर दिया गया। सदन में विपक्षी सदस?य शर्म करो के नारे लगा रहे हैं। स?पीकर की अपील के बाद भी ये शांत नहीं हो रहे। उत?तर प्रदेश के भी तीन सांसद सदन से निलंबित हुए हैं। इनमें कन?नौज से सपा सांसद डिंपल यादव, मुरादाबाद से सपा सांसद एसटी हसन और अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली का नाम शामिल है। दानिश अली को कुछ दिन पहले ही मायावती ने पाटी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाकर बसपा से बाहर का रास?ता दिखा दिया था। निलंबित होने के बाद मीडिया से बातचीत में डिंपल यादव ने कहा- %आज लगभग 40 से ज्यादा एमपी सस्पेंड हुए और कल भी लगभग 80 से ज्यादा एमपी सस्पेंड हुए हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है डेमोक्रेसी के लिए। जो वातावरण हम देख रहे हैं जहां हम अपनी बात नहीं रख पा रहे संसद में, मैं समझती हूं ये फेलियर ऑफ गवर्नमेंट है।% आपको बता दें कि मंगलवार को मनीष तिवारी, शशि थरूर, सुप्रिया सुले, डिंपल यादव, कार्ति चिदंबरम, माला रॉय जैसे सांसदों को भी सस?पेंड कर दिया है। विपक्ष के कई सांसद मंगलवार को तख्तियां लेकर पहुंचे। कई सांसदों के हाथ में पीएम नरेंद्र मोदी का मार्फ्ड फोटो भी नजर आया। टीएमसी सांसद कल?याण बनर्जी ने राज?यसभा स्पीकर जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की जिस पर स?पीकर ने बेहद नाराजगी जताई। निलंबित कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद का कहना है कि हम इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि 13 दिसंबर की घटना सुरक्षा में चूक की गंभीर घटना थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदन में इस बारे में बयान देकर जनता को बताना चाहिए था कि ऐसा क्यों हुआ।

**लोकसभा में दो युवकों ने किया था हंगामा**

गौरतलब है कि 13 दिसंबर को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए और स?मोक केन के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया। घटना के तत्काल बाद दोनों को पकड़ लिया गया। केंद्र सरकार और लोकसभा अध्यक्ष दोनों का कहना है कि संसद परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी लोकसभा सचिवालय की है।

## खाद्य एवं रसद विभाग की मांगों पर आयुक्त खाद्य एवं रसद द्वारा की जा रही सकारात्मक पहल

### खाद्य आयुक्त को दोनो शाखाओं में विभिन्न पदों पर की गई पदोन्नति



संवाददाता

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी, उपाध्यक्ष टी एन चौरसिया और सचिव श्रीमती अरुणा शुक्ला द्वारा खाद्य एवं रसद विभाग की मांगों पर आयुक्त खाद्य एवं रसद द्वारा की जा रही सकारात्मक पहल हेतु खाद्य आयुक्त को बुके भेंट कर अभिनंदन एवम धन्यवाद ज्ञापित करते हुए। खाद्य आयुक्त को दोनो शाखाओं में विभिन्न पदों पर की गई पदोन्नति ,एसीपी सहित अन्य मांगों पर की गई सकरात्कम कार्यवाही हेतु धन्यवाद ज्ञापित देने के साथ ही दोनो शाखाओं के लंबित अन्य पदोन्नति एवं एसीपी पर जल्द कारवाही कारने का जिलापूर्ति अधिकारी , एमआई की ज्येष्ठता सूची में बाधाओं पर भी आयुक्त द्वारा सकारात्मक आश्वासन के साथ साथ इस संबंध में उनके द्वारा संघ से की गई अपेक्षा पर संघ कार्य करेगा और अन्य महत्वपूर्ण मांगो पर सकारात्मक वार्ता हुई। खाद्य आयुक्त द्वारा प्रत्येक माह में एक बार संघ के साथ वार्ता पर भी सहमति दी गई और जल्द ही खाद्य आयुक्त का विशेष अभिनंदन कार्यक्रम रखा जाएगा।

## एक नज़र

### ऐंटी इनकंबेंसी के दावों का जवाब तैयार कर रहे नरेंद्र मोदी

संवाददाता



**लखनऊ।** पीएम नरेंद्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लाभार्थियों से संवाद कर रहे हैं। यात्रा के इस आयोजन के जरिए सरकार से संगठन तक के शीर्ष चेहरे हों या निचली इकाई ऐसे ही सवाल वोटरों से पूछ रहे हैं। भाजपा की उम्मीदें बढ़ी हैं और विपक्ष की सतर्कता। भाजपा आश्वस्त मोड में जाने के बजाय आक्रामक मोड में है। पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लाभार्थियों से संवाद कर रहे थे। लखनऊ के अनिल से उन्होंने पूछा, %अनिल जी आप तो लखनऊ के हैं, आपने कई दलों की सरकारें देखी हैं। क्या किसी दूसरी सरकार में इतनी योजनाओं का लाभ इतनी आसानी से मिला है आपको?% यात्रा के इस आयोजन के जरिए सरकार से संगठन तक के शीर्ष चेहरे हों या निचली इकाई ऐसे ही सवाल वोटरों से पूछ रहे हैं। इन सवालों से भाजपा के रणनीतिकार विपक्ष के %एंटी इनकंबेंसी% के दावों का जवाब तैयार कर रहे हैं, जिससे विकसित भारत की डगर को 2024 में %प्रो इनकंबेंसी% की लहर में बदला जा सके। मोदी व भाजपा की अब सबसे बड़ी चुनौती 2024 का लोकसभा चुनाव है। हिंदी बेल्ट के तीन राज्यों में जीत के बाद भाजपा की उम्मीदें बढ़ी हैं और विपक्ष की सतर्कता। यही वजह है कि विजय के बाद भी भाजपा आश्वस्त मोड में जाने के बजाय आक्रामक मोड में है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 3 दिसंबर को जब एमपी, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत का परचम लहरा रहा था, यूपी भाजपा के कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक कर रहे थे। 80 लोकसभा सीटों वाला यूपी ही दिल्ली की सत्ता की तस्वीर तय करता है। रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मोदी ने कहा, %विकसित भारत यात्रा मेरी कसौटी भी है और एक तरह से मेरा रिजल्ट भी।% 2024 की सबसे बड़ी चुनावी परीक्षा के लिए परीक्षक यानी जनता का मूड क्या है यात्रा के जरिए भाजपा उसे भांपने में लगी है। इसलिए, मोदी का रिपोर्ट कार्ड लेकर सरकार-संगठन हर गांव-मोहल्लों तक पहुंच रहे हैं। यूपी में मोदी खुद उपस्थिति व वर्चुअल संवाद के जरिए आधा दर्जन कार्यक्रमों का हिस्सा बन चुके हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्रियों, दोनों डिप्टी सीएम, सरकार के अन्य मंत्रियों से लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री सहित सभी अहम पदाधिकारी इस समय यात्रा के जरिए सरकार का काम-काज बताने में जुटे हैं। मंडल तक टीमें बनी हैं। यात्रा में सांसदों-विधायकों से लेकर अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है, जिससे जमीनी तैयारी की सही तस्वीर आ सके। सूत्रों का कहना है कि अभी यूपी में संवाद व जनसभाओं के मोदी के अभी और भी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, जिससे प्रदेश के हर कोने तक वायदों व उनके पूरा होने पर हुए फायदों को बताया जा सके। सक्रियता व संवाद के जरिए सरकार की जमीन खिसकाने व अपनी जमीन बनाने की रणनीति विपक्ष की होती है। लेकिन, भाजपा ने इसे अपनी %यूएसपी% बना लिया है। मोदी को रोकने को लखनऊ से दिल्ली तक विपक्ष अभी दोस्ती व दावों का मसौदा बना रहा है, उधर भाजपा वोटरों के दरवाजों पर दस्तक दे रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के एक महीने के आंकड़े देखें तो अब तक इसकी पहुंच देश के 2.50 करोड़ नागरिकों तक हो चुकी है। 25 जनवरी को जब यात्रा पूरी होगी, तब तक यह अमूमन हर गांव व शहरी निकाय तक पहुंच होगी। खास बात है कि लाभार्थियों के संवाद के साथ ही योजनाओं से छूटे लोगों को भी यात्रा के दौरान लाभार्थी में बदला जा रहा है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि फरवरी-मार्च तक चुनाव घोषित होने से पहले ही सरकार-संगठन वोटरों से पूरा संवाद बना चुका होगा। इस दौरान अपेक्षाओं व शिकायतों को भी पूरा करने का मौका होगा। ऐसे में जब विपक्ष जमीन पर उतरेगा, तब तक हमारे %प्रचार% का एक चरण पूरा हो चुका होगा। विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को %केमेस्ट्री% से अधिक गणित के जरिए हल करने में लगा है। संयुक्त विपक्ष व जातीय जनगणना जैसे मुद्दों के जरिए वोटों का समीकरण दुरुस्त करने पर नजर है। वहीं, भाजपा गरीबी को जाति का %समानार्थी% बता %लाभार्थी% में विपक्ष की रणनीति की काट तलाश रही है। 2019 के चुनाव में उसका यह प्रयोग सफल भी रहा। तब, गरीब केंद्रित योजनाओं के रथ पर हिंदुत्व को सारथी बनाकर भाजपा ने यूपी में विपक्ष के सबसे बड़े जातीय गठजोड़ को ध्वस्त किया था। उस समय भी चुनाव के पहले लाभार्थियों से संपर्क का मेगा अभियान चलाया गया था। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में भी प्रत्यंचा पर राममंदिर व तरकश में लाभार्थियों का तीर रख विपक्ष पर चलाने की तैयारी है। संकल्प यात्रा को भाजपा इन तीरों को और धारदार बनाने की मंजिल मान रही है।

### मध्य प्रदेश में जिसे कुलदेवता के रूप में पूजते रहे, निकला डायनासोर का अंडा, जांच में हैरान करने वाला मामला

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश के एक गांव में डायनासोर के अंडे को पूजने का मामला सामने आया है। दरअसल, लोगों ने खुदाई के दौरान निकले पत्थरनुमा वस्तु को अपना कुलदेवता मान लिया। उसकी पूजा शुरू कर दी। पिछले दिनों इस इलाके में खुदाई के दौरान कई डायनासोर के अंडे निकले। इसके बाद कुलदेवता के रूप में इसी प्रकार की वस्तु की पूजा की बात कही गई। मध्य प्रदेश के धार जिले के पाडल्या गांव में डायनासोर का अंडा पूजने की खबर सामने आई है। दरअसल, लोगों ने गलतफहती में डायनासोर के अंडों की पूजा शुरू कर दी है।

## सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बच्चों को दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

# स्कूल में बाल चौपाल ईको फ्रेंडली क्लब और ग्रीन क्लीन ब्रिगेड का हुआ गठन

- सरकारी स्कूलों को स्वच्छ और हरा भरा बनाने के लिए सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा की अनूठी पहल।
- शिक्षिका को ग्रीन कंबोनेंट और बच्चों को मिला पर्यावरण प्रहरी सम्मान।

संवाददाता






**लखनऊ।** उन्नाव पुलिस में कार्यरत सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा संचालित प्रकृति संरक्षण मुहिम के तहत जनपद के सरकारी स्कूलों में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करके उन्हें पेड़ पौधों की रक्षा और स्वच्छता हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से बाल चौपाल के संयोजन में आज शहर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सदर बाजार कंपोजिट नगर क्षेत्र में पर्यावरण पाठशाला का आयोजन किया गया ट्री मैन के नाम से मशहूर पर्यावरण मित्र सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने स्वच्छता सरोकार से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता शैलेन्द्र पाण्डेय के साथ मिलकर उन्नाव जनपद को स्वच्छ तथा हरा भरा बनाने के लिए उक्त विद्यालय में क्लीन स्कूल ग्रीन स्कूल स्लोगन का प्रारंभ करते हुए छात्र- छात्राओं शिक्षकों को विद्यालय परिसर को स्वच्छ और हरा भरा बनाए रखने के लिए जागरूक किया और संकल्प दिलाया सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने कहा कि वे सरकारी स्कूलों में बाल चौपाल ईको फ्रेंडली क्लब क्लीन और ग्रीन ब्रिगेड का गठन करके बच्चों के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करेंगे। इन स्कूलों के बच्चे अपने स्तर पर ही स्कूल व आसपास में पौधे लगाकर उसकी देखभाल करेंगे। विद्यालय वाटिका व हरित विद्यालय मुहिम के तहत स्कूल को हराभरा बनायेगे। बच्चे अपने जन्मदिवस पर स्कूल या अपने घर के आसपास कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। सरकारी स्कूल को हरा भरा और स्वच्छ बनाने के लिए बेहतर कार्य करने वाले स्कूल,शिक्षक और बच्चों को भविष्य में सम्मानित भी किया जाएगा।

शहर में स्वच्छता के जनक तथा सामाजिक कार्यकर्ता शैलेन्द्र पाण्डेय ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया अपने उद्बोधन में अपने पिछले सात वर्षो से किए जा रहे स्वच्छता जन जागरूकता महा अभियान के अनेक अनुभवों को छात्र छात्राओं के बीच में साझा किया और कहा कि विद्यालय में पड़े बिस्कुट, चिप्स आदि के रैपर और कचरा डस्टबिन में डालने की सुंदर आदत डालें। पाठशाला में शामिल बच्चों को प्रकृति तथा स्वच्छता का महत्व बताकर उन्नाव पुलिस विभाग में कार्यरत ट्री मैन के नाम से मशहूर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और स्वच्छता सरोकार से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता शैलेंद्र पाण्डेय ने सभी छात्र छात्राओं को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र नाहिद इकबाल फारूकी ने सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व के पर्यावरणीय सरोकार की सराहना करते हुए कहा कि उनकी इस अनूठी पहल से बच्चों में प्रकृति संरक्षण का भाव जागृत होगा खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र नाहिद इकबाल फारूकी और सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा विद्यालय की प्रधान शिक्षिका डा.शिखा द्विवेदी को ग्रीन कंबोनेंट सम्मान पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के चार छात्र छात्राओं सौरभ सक्सेना,अनुष्का , शीतल,मुस्कान श्रीवास्तव को भी उनके द्वारा पूर्व में आयोजित हुए बाल चौपाल रक्षा उत्सव में किए गए उत्कृष्ट पर्यावरण कार्यों के लिए पर्यावरण प्रहरी सम्मान से उपहार मेडल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया ।

## मिलेट्स उत्पाद बनाने पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

# बच्चों के टिफिन में मोटे अनाज का करें प्रयोग: संगीता कटियार

**प्रशिक्षण**

- बुधवार को रेसिपी बनाने पर दिया जाएगा प्रशिक्षण।

संवाददाता



**बक्शी का तालाब।** बक्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के सभागार में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम (राज्य सेक्टर) स्कूल कैरिकुलम के माध्यम से अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश कृषि विभाग एवं भावना सेवा संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर पूर्व कृषि निदेशक डॉ मुकेश गौतम ने मिलेट्स के द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों को बनाने की विधि तथा उपयोगिता बताई। भूमि संरक्षण अधिकारी संगीता कटियार ने बच्चों के टिफिन में फास्ट फूड की जगह पर मिलेट्स के बने हुए उत्पाद के उपयोग पर चर्चा की। उप कृषि निदेशक बलराम वर्मा ने प्रमुख रूप से मिलेट्स की खेती करने और इसे और अधिक प्रभावी बनाने पर अपने विचार प्रस्तुत किये बलराम वर्मा ने बताया कि मिलेट्स का न्यूनतम समर्थन मूल्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में मिलेट्स की काफी संभावनाएं हैं और इसका रकबा बढ़ने पर हम लोग जोर दे रहे हैं । पूर्व निदेशक (सीमा) डॉ वी पी सिंह ने मिलेट्स के उत्पादन बढ़ाने पर चर्चा की तथा बताया कि मिलेट्स से सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी पूरी होगी अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष में 72 देश की सहभागिता हुयी है। चन्द्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को प्रमुख रूप से बाजरा बिस्किट, बाजरा लड्डू, बाजरा मटरी, बाजरा केक, बाजरा? नमकीन, बाजरा टिक्की, बाजरा रस्क, बाजरा बेसन लड्डू, बाजरा उपमा एवं कोदों की खीर, रागी बालूशाही, रागी केक, रागी लड्डू ज्वार केक एवं बाजरा रोटी को बनाने की सरल तकनीक का प्रशिक्षण बुधवार को आसपास की 100 से अधिक महिलावो तथा महाविद्यालय की 50 छात्राओं तथा शिक्षकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा पांच टीमे गठित की गई है और सबसे अच्छी रेसिपी बनाने वाली तीन टीमों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी दिया जाएगा । इस अवसर पर कृषि विभाग के कृषि सलाहकार सुरेश कुमार राजपूत, महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी, प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह, प्रो योगेश कुमार शर्मा, दुर्गेश कुमार सिंह, डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, डॉ हृदय नारायण तिवारी, सतीश चंद्र, कृषि प्रसार विभाग के डॉ केडी सिंह, डॉ धर्मेश कुमार, धनेंद्र कुमार सिंह, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, श्रीमती प्रतिमा सिंह, हयात सिंह, डॉ सुधाकर सिंह, डॉ एस सी चंदा, डॉ दीपक पांडे, डॉ लल्लन प्रसाद यादव, डॉ कमलाकांत, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ राजीव कृष्ण बाजपेई, उमेश कुमार, इंजीनियर विपुल अग्रवाल, डॉ रजनी शुक्ला प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, शिव बहादुर सिंह चौहान के साथ कृषि महाविद्यालय के 55 से अधिक शिक्षक एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण लिया।

# उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत विकास खण्ड सिधौली में खोला गया POC केन्द्र

संवाददाता





**सिधौली/सीतापुर।** विकास खण्ड सिधौली मैं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के द्वारा S D M सिधौली के द्वारा फीता कटवाकर POC केन्द्र खोला गया जहां पर शिक्षा विभाग के भी कई लोग मौजूद रहे इस केन्द्र के द्वारा 18 से 35 वर्ष के युवक और युवतियां पा सकेंगे कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण का लाभ आप को बताते चलें की कौशल विकास मिशन के तहत बेरोजगार युवक एवम युवतियों को एल. एन. जे, स्किल्स की तरफ से कौशल विकास की ट्रैनिंग B,K,T, और कुर्सी रोड़ पर निःशुल्क ट्रैनिंग दी जा रही है जिसमे 18से 35वर्ष की आयु वाले युवक युवतियों की ट्रैनिंग हो रही है जिसमे युवतियों की सेम्पल टेलरिंग और युवकों की इलेक्ट्रिशियन की और बेसिक कंप्यूटर की ट्रैनिंग कराई जा रही है इस POC केन्द्र के माध्यम से बेरोजगार युवक व युवतियां अपना पंजीकरण ट्रैनिंग करने के लिए करा सकते हैं जिससे वह कौशल विकास मिशन के रोजगार द्वारा रोजगार पा सकें ट्रैनिंग खत्म होने के बाद 10हजार से लेकर 15 हजार रूपए महीने की नौकरी पा सकते है लिमिटेड कम्पनीयों में जी इस प्रकार हैं आदित्य बिरला लिमिटेड, पर्ल ग्लोबल लिमिटेड, जे, जे, मिल्स,लिमिटेड, आदि लिमिटेड कंपनियों में जॉब दी जाती है। बीकेटी कौशल विकास मिशन के ट्रैनिंग सेन्टर से 432 युवतियों को ट्रैनिंग कराकर जाब पर भेजा जा चुका है जो अभी जाब कर रहीं हैं

**कार्यक्रम में एस डी एम सिधौली**

गोविन्द कुमार यादव (ष्ट ऋ क्क कोडिनेटर) प्रवीण श्रीवास्तव (मोबिलाइजर मैनेजर) स्मृती सिंह(प्रोजेक्ट हेड) पूजा जायसवाल (सेन्टर मैनेजर) नीतू रावत (मोबिलाइजर) अमित मिश्र POC के साथ बहुत से युवक और युवतियां उपस्थित रहीं।

## छात्रा ने जरूरतमंदो को बाटे 150 कम्बल





संवाददाता

**लखनऊ।** आंचल सिंह नाम की छात्रा ने अपने पिता द्वारा दिए गए जेब खर्च से पैसे बचा के बांटे जरूरतमंदो को 150 कम्बल कड़ाके की ठंड को देखते हुए छात्रा ने बताया की जब हम घर में सो रहे होते है तो बाहर रोड़ पे और कई स्थानों पे लोगों को ठंड से ठिठुरते कई बार देखा तो मेरे मन में ये ख्याल आया कि इस सर्दी के मौसम में ठंड की वजह से कोई बीमार न पड़े और किसी की मौत न हो, इसलिए अपने जेब खर्च से पैसे बचा के शहर और ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंदों को कंबल वितरण की योजना बनाई आंचल सिंह के पिता सुरेश सिंह हैं जो कि पिपरी नारायणपुर निवासी हैं पर बेटी आंचल शिक्षा के लिए लखनऊ में रहती हैं वहीं आंचल ने लखनऊ शहर में आलमबाग और भोला खेड़ा में 150 कम्बल बांटे और आगे भी इस नेक काम के लिए पैसे बचा के मानव सेवा के बारे में कहा।

## सम्पादकीय

# भतीजे को बसपा की कमान सौंपना युवा चेहरा देने की कोशिश, मूल दलित आधार मजबूत करने पर नजर



भतीजे को बसपा की कमान सौंपना बदलती राजनीति में आधार खोती पार्टी की अपना अस्तित्व बचाने की कोशिश बेशक है, लेकिन पार्टी में अब वह वैचारिक साहस और संगठनात्मक गतिशीलता नहीं दिखती, जिसके दम पर उसने एक-डेढ़ दशक पहले खासकर उत्तर प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया था। लोकसभा चुनाव अब चंद माह दूर हैं। लेकिन उससे ठीक पहले बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा अपने 28 वर्षीय भतीजे आकाश आनंद को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बनाने का फैसला उनकी थकी हुई और राजनीतिक परिदृश्य से तेजी से ओझल होती पार्टी को युवा रूप देने की एक हताश कोशिश लगती है। उनके इस कदम का मुख्य उद्देश्य यह है कि पार्टी से युवा दलित समर्थकों का पलायन रोका जाए, जिनमें उनकी अपनी जाटव उपजाति के लोग भी शामिल हैं, जो चुनावों में दुर्भाग्यपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद अभी हाल तक पार्टी के वफादार बने हुए थे। लंदन से शिक्षाप्राप्त व एमबीए डिग्रीधारक युवा को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त कर मायावती एक ऐसे राजनीतिक दल को आधुनिक चेहरा देने की उम्मीद कर रही हैं, जो वक्त के साथ तेजी से पिछड़ता जा रहा है। हालांकि इसका कतई यह मतलब नहीं कि बहन जी का सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का कोई इरादा है। उन्होंने यह बिल्कुल साफ कर दिया है कि देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्य उत्तराखंड उनके ही क्षेत्र रहेंगे, जबकि उनका भतीजा देश के दूसरे स्थानों पर पार्टी के हितों की देखभाल करेगा। हालांकि इसमें संदेह नहीं कि मायावती पार्टी के भीतर पहले की तरह ताकतवर बनी रहेंगी और युवा बसपा नेता उनके इशारों पर ही चलेंगे। अपने गुरु कांशीराम की तरह अपने उथल-पुथल भरे राजनीतिक कॅरिअर के ज्यादातर समय के दौरान वंशवादी राजनीति से दूरी बनाए रखने वाली बहन जी ने पहली बार अपनी पुरानी सोच से हटने के संकेत करीब पांच साल पहले 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद दिए, जब उन्होंने अपने छोटे भाई आनंद कुमार को बसपा का उपाध्यक्ष और उनके बेटे आकाश को राष्ट्रीय समन्वयक बनाया। हालांकि पूरे परिवार में आनंद उनका चहेता माना जाता रहा है, लेकिन जब वह सत्ता में थी, तब भी उन्होंने आनंद को पार्टी या सरकार के भीतर कोई पद लेने से हतोत्साहित ही किया। अब अगर मायावती अपने भतीजे आकाश को बसपा के भविष्य के रूप में देख रही हैं, तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि कई वर्षों से बसपा में कांशीराम द्वारा शुरू किए गए सामाजिक- राजनीतिक आंदोलन की झलक मिलनी बंद हो चुकी है और अब वह भी दूसरे राजनीतिक दलों की तरह एक नेता- केंद्रित पार्टी बन गई है। अपने उत्कर्ष के दिनों में जब बहन जी की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं अपनी महानता के चरम पर थीं, तब उन्होंने जमीनी पार्टी समन्वयकों और प्रमुख नौकरशाहों व राजनीतिक सलाहकारों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की थी। लेकिन आज जब वह राजनीतिक मोर्चे पर तेज व अपरिवर्तनीय गिरावट का सामना कर रही हैं, यह मॉडल उनके किसी काम का नहीं साबित हो पा रहा है और भारतीय राजनीति के बदलते माहौल में अपना अस्तित्व बचाने के लिए अपने परिवार की तरफ रुख करने के अलावा शायद उनके पास दूसरा कोई विकल्प बचा नहीं है। दुर्भाग्यवश बसपा सुप्रीमो और उनके युवा राजनीतिक उत्तराधिकारी के लिए उस पार्टी को संभालने का यह आसान समय नहीं है, जिसने भारतीय राजनीति में एक नए युग का सूत्रपात करने का वादा किया था। देश भर में बार-बार चुनावी पराजय बसपा के लिए सामान्य बात हो गई है। पिछले साल पार्टी को अपने गढ़ उत्तर प्रदेश में करारा झटका लगा था, जब वह राज्य विधानसभा चुनाव में 403 सदस्यीय विधानसभा में महज एक सीट पर सिमट गई थी, जो अब तक उसका सबसे खराब प्रदर्शन भी था। देश के दूसरे हिस्सों में भी बसपा की हालत खराब ही होती जा रही है। चार राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों का हालिया दौर बसपा के कमजोर से भी कमजोर स्थिति तक पहुंचने की दुखद कहानी बताता है, बावजूद इसके कि इन चारों राज्यों में मायावती, उनके भाई आनंद कुमार और भतीजे आकाश ने प्रचार अभियान में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी। राजस्थान में जहां मायावती ने आठ रैलियां कीं, वहां बसपा की सीटों की संख्या पिछले चुनाव के छह से घटकर इस बार सिर्फ दो रह गई और उनका वोट प्रतिशत भी चार फीसदी से गिरकर सिर्फ 1.8 फीसदी रह गया। मध्य प्रदेश में बहन जी ने नौ चुनावी सभाओं को संबोधित किया था, पर उनकी पार्टी को एक सीट भी नहीं मिली। हालांकि पिछले चुनावों में बसपा को दो सीटे मिली थीं। छत्तीसगढ़ में भी उसकी झोली खाली रही और वोट शेयर भी आधा हो गया। बसपा के लिए तेलंगाना की स्थिति भी बुरी रही, जहां मुख्यमंत्री पद पर दावेदारी के लिए एक पूर्व आईपीएस अधिकारी के होने के बावजूद बसपा बमुश्किल एक फीसदी वोट पा सकी। विदेशी शिक्षा प्राप्त अपने युवा भतीजे को आगे बढ़ाकर बसपा को पुनर्जीवित करने की उनकी कोशिशों में दम नहीं दिखता, क्योंकि पार्टी में अब पहले जैसा वैचारिक साहस और संगठनात्मक गतिशीलता नहीं दिखती, जिसके दम पर एक-डेढ़ दशक पहले बसपा ने खासकर उत्तर प्रदेश और सामान्य तौर पर पूरे देश की राजनीति में भूचाल ला दिया था। अब कुछ ही दलित होंगे, जो बहन जी को ऐसा नेता मानते हों, जो सदियों से चले आ रहे उनके उत्पीड़न को रोककर उनकी जिंदगी में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं। एक वक्त था, जब बसपा सुप्रीमो को खासकर उत्तर प्रदेश में मुस्लिमों का पूरा समर्थन मिला हुआ था, लेकिन अब अल्पसंख्यक समुदाय के ज्यादातर लोगों को विश्वास हो चला है कि वह सत्तासीन मोदी सरकार के इशारों पर काम करती हैं, जो उनकी पार्टी का इस्तेमाल अल्पसंख्यक और दलित वोटों को बांटने के लिए कर रही थी, जिससे चुनावों में भाजपा को फायदा पहुंचे। मायावती ने हाल ही में दो बेहद लोकप्रिय युवा मुस्लिम नेता इमरान मसूद और दानिश अली को खो दिया, जिनमें से एक को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से निष्कासित और दूसरे को निलंबित कर दिया गया। मसूद पहले ही अपनी मूल पार्टी कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं और अली के भी उनके ही नक्शेकदम पर चलने की संभावना है। अपने मूल दलित आधार को तेजी से खोती और पार्टी से खफा मुस्लिमों की बढती संख्या को देखते हुए बसपा को अपने वर्तमान गतिरोध से बाहर निकलने के लिए किसी राजनीतिक चमत्कार की जरूरत है। बहन जी के लिए यह एक शानदार कॅरियर का अपमानजनक अंत दिख रहा है। उनके भतीजे के उड़ान भरने से पहले ही उसके गिरने की आशंका बिल्कुल स्पष्ट है।

# नाम बड़े और दर्शन छोटे: प्रवासन विरोधी नीतियों की प्रयोगशाला बन गए हैं विकसित देश

अर्थशास्त्र राजनीति को प्रभावित करता है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के लिए दूसरे मुल्कों को अपना उपनिवेश बनाने वाले और अफ्रीका व अन्य देशों से बड़ी संख्या में श्रमिकों को लुभाकर ले जाने वाले विकसित देश आज प्रवासन-विरोधी हिंसा के केंद्र बन गए हैं। पिछले दिनों एक शाम ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को अजीब स्थिति का सामना करना पड़ा, जब डच प्रधानमंत्री के साथ फोटो सेशन के बाद किसी तकनीकी त्रुटि से वह अपने आधिकारिक निवास 10, डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर खड़े रह गए। सुनक ने डच प्रधानमंत्री के साथ बैठक के लिए अंदर जाने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा ही नहीं खुला। ब्रिटिश विपक्ष ने उस स्थिति को सुनक की मुश्किल स्थिति का रूपक बताया, जिन्हें समस्याएं विरासत में मिली हैं। यह वस्तुत~ उस व्यवस्थागत गतिरोध का भी रूपक है, जिसका ब्रिटेन समेत दूसरे कई विकसित देश सामना कर रहे हैं। समृद्ध और विकसित देशों में लचर प्रशासनिक स्थिति 'नाम बड़े और दर्शन छोटे' की याद दिलाती है। कृपया इस स्थिति की कल्पना कीजिए ~जी-7 समूह के एक देश के, जिसकी जीडीपी 30 खरब है, प्रधानमंत्री अपने सहयोगियों के साथ सड़क पर एक गड्ढे के सामने खड़े हैं। विगत 17 नवंबर को ब्रिटिश प्रधानमंत्री के आधिकारिक एक्स हैंडल ने एक तस्वीर जारी की। सड़क के गड्ढों को ठीक करने के लिए आठ अरब पाउंड आवंटित करने की



घोषणा के साथ उसमें यह गर्वोक्ति भी थी कि %यह किसी राजनेता द्वारा सड़क के गड्ढे की ओर इशारा करने का आखिरी मामला होगा। शासन में ऐसे गड्ढों या अवरोधों की बड़ी कीमत वहां के नागरिकों को चुकानी पड़ रही है। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स ने हाल ही में एक आंकड़ा जारी किया ~ %अस्पताल में इलाज कराने की वेटिंग लिस्ट विगत सितंबर में बढ़कर लगभग 78 लाख हो गई।% एनएचएस (नेशनल हेल्थ सर्विस) के मुताबिक, सामान्य और चिकित्सकीय परामर्श चाहने वाले मरीजों को अधिक से अधिक 18 सप्ताह तक इंतजार करना पड़ सकता है। पर 2016 से यह इंतजार 18 सप्ताहों से कहीं ज्यादा है। बदहाली स्वास्थ्य सेवा तक सीमित नहीं है। स्कूली शिक्षा भी बाधित हो रही है। इस महीने की शुरुआत में सरकार ने 231 खतरनाक स्कूलों की सूची जारी की। दरअसल भवन निर्माण में लाइटवेट कंकरीट का इस्तेमाल करने से इन भवनों के ढह जाने का खतरा है। नतीजतन इन स्कूलों के छात्रों को अस्थायी कक्षाओं में भेजा गया है। ब्रिटेन में सिर्फ नागरिक ही नहीं भुगत रहे, सरकार की स्थिति भी ठीक नहीं। विगत 18 महीनों में इस देश ने तीन प्रधानमंत्री देखे हैं, और एक बार फिर प्रवासियों के मुद्दे पर सरकार गिरने की आशंका है। संकट में सिर्फ ब्रिटेन नहीं, बल्कि पूरा यूरो जोन ही आर्थिक मंदी की ओर जा रहा है। यूरोपीय संघ की आर्थिक विकास दर घटकर 1.7 फीसदी रहने वाली है। ऐसा क्यों है? यूरोपीय सेंट्रल बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री फिलिप लेन कहते हैं ~ %अनेक देश 1990 के दशक में आर्थिक रूप से जहां खड़े थे, आज वहां से काफी पीछे चले गए हैं। समय के साथ आर्थिक सुधार रोक दिए गए।% इस आर्थिक गतिरोध के नतीजे बहुआयामी हैं। यूरोप हड़तालों से प्रभावित है। फ्रांस में श्रमिक संघों से जुड़े कामगार पहले मार्च, फिर अक्तूबर में हड़ताल पर चले गए। विगत सात दिसंबर को जर्मनी में ट्रेन ड्राइवर अपनी मांग न माने जाने पर हड़ताल पर चले गए थे-जो इस साल उनकी चौथी हड़ताल थी। इटली, फ्रांस, बेल्जियम और यूनान के हवाई अड्डों पर हड़ताल से न सिर्फ हवाई यातायात बाधित हुआ, बल्कि इससे यूरोपीय लोगों के छुट्टियों पर जाने की योजना भी प्रभावित हुई। हवाई अड्डों पर हड़ताल के लगातार मामलों को देखते हुए टाइम आउट जैसे प्रकाशन को यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी कर बताना पड़ा कि दिसंबर में 10, 12, 15ङ्क17, 19 और 22ङ्क31 हड़ताल की तारीखें हैं। अर्थशास्त्र राजनीति को प्रभावित करता है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के लिए दूसरे मुल्कों को अपना उपनिवेश बनाने वाले और अफ्रीका व अन्य देशों से बड़ी संख्या में श्रमिकों को लुभाकर ले जाने वाले विकसित देश आज प्रवासन-विरोधी हिंसा के केंद्र बन गए हैं। जबकि याद किया जा सकता है कि जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड्स, डेनमार्क और स्वीडन जैसे देशों ने अपनी अर्थव्यवस्था को आकार देने के लिए कभी %गेस्ट वर्कर्स% प्रोग्राम शुरू किए थे। ऐसे ही, विश्वयुद्ध के बाद अपनी अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण के लिए जर्मनी ने तुर्किये, मोरक्को और ट्यूनीशिया से 20 लाख कामगार बुलाए थे। जबकि फ्रांस ने उत्तर अमेरिका से श्रमिकों को अपने यहां आकर्षित किया था। आज उसका उल्टा हो रहा है। दशकों से यूरोप अपनी सुरक्षा जरूरतें नाटो से और आर्थिक जरूरतें चीन से आउटसोर्स करता रहा है। लेकिन वह दौर अब खत्म हो चुका है। यूरो जोन में उत्पादकता रसातल में है, इसकी आबादी सिकुड़ रही है। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए उन्हें प्रवासी कामगार चाहिए, पर इसके तमाम देश प्रवासन-विरोधी नीतियों की प्रयोगशाला बन गए हैं। फ्रांस, स्वीडन, आयरलैंड और जर्मनी के दक्षिणपंथी प्रवासी मजदूरों के खिलाफ सड़कों पर हैं। इटली, हंगरी और स्लोवाकिया जैसे देशों के चुनावी नतीजे इसी के अनुरूप हैं। जिस नीदरलैंड्स की अर्थव्यवस्था प्रवासियों द्वारा निर्मित है, उसने हाल ही में प्रवासन-विरोधी और दक्षिणपंथी गीर्ट विल्डर्स को नेता चुना। अमेरिका में अर्थव्यवस्था बेशक ठीक है, लेकिन राजनीति अराजकता में बदल गई है। मानवाधिकारों पर पूरी दुनिया को ज्ञान देने वाले अमेरिका में महिलाओं का अधिकार खतरे में है। उसकी स्वास्थ्य सेवा ध्वस्त हो चुकी है। विगत 12 महीनों में वहां दवाओं के ओवरडोज से 1,06,842 लोग मारे गए हैं। विगत छह दिसंबर तक वहां भीड़ पर गोलीबारी के 633 मामले सामने आए थे। राजनीतिक नेतृत्व निश्चित रूप से मायने रखता है, लेकिन फिलहाल तो यही लगता है कि अमेरिका में दो वृद्धों के बीच राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई है। एनबीसी के एक हालिया सर्वेक्षण के मुताबिक, 70 फीसदी लोगों को बाइडन पसंद नहीं है, जबकि 60 प्रतिशत लोग ट्रंप को राष्ट्रपति के रूप में नहीं देखना चाहते। विकसित दुनिया के जरिये तीसरी दुनिया में जो दृश्य उभरकर आते हैं, वे दुखद हैं। अपनी तरक्की के जरिये चीन अधिनायकवादी शासन व्यवस्था का औचित्य ठहराना चाहता था, लेकिन उसकी विफलता ने उसे बेनकाब कर दिया है। विकसित देशों की विफलता यह उजागर करती है कि कानून आधारित लोकतांत्रिक विश्व का विचार क्यों लड़खड़ा रहा है।

# पंछियों का संसार~ वायुमार्ग से आए शिशिर के प्रवासी

ये कहानी गूज के मध्य एशिया से भारत तक की यात्रा से जुड़ी है। झुंड में से एक वायुराज नामक युवा हंस, थोड़ा उत्सुक और जिज्ञासु है जो बिछड़ जाता है। फिर... यह सबसे ऊंची उड़ान भरने वाले पक्षियों में से एक, बार-हेडेड गूज (सफेद हंस) के झुंड में एक नन्हे परिंदे की कहानी है। कहानी गूज के मध्य एशिया से भारत तक की यात्रा से जुड़ी है। झुंड में से एक वायुराज नामक युवा हंस, थोड़ा उत्सुक और जिज्ञासु है। यह वायुराज की, तिब्बत पठार से निकल कर, हिमालय पर्वत श्रृंखला पर उड़ान भरते हुए भारत पहुंचने की पहली यात्रा थी। वह नए दृश्यों और अन्य पक्षियों को देखने समझने के लिए अत्यंत उत्सुक था। उड़ान शुरू होने से पहले वायुराज की मां ने उसे हल्की चेतावनी भी दी कि उसे झुंड के साथ-साथ रहना होगा। झुंड 5500-6000 मीटर की ऊंचाई पर लम्बी यात्रा तय कर हिमालय को पार कर, गुजरात में कच्छ के छोटे रण पर ठहराव लेने को उतरा। झुंड का एक हिस्सा रास्ते में पहले ही भारत के पूर्वी भाग असम की और अग्रसर हो चुका था। वायुराज का झुंड जैसे ही कच्छ के छोटे रण पर उतरा, वायुराज फ्लेमिंगो (राजहंस) और दसमोसाइल क्रेन से मंत्रमुग्ध हो झुंड से कुछ बिछड़ सा गया। वह फ्लेमिंगो और क्रेन को उत्साहित हो निहार ही रहा था कि रण के एक सुदूर कोने में वायुराज को बादामी रंग के स्तन वाले अद्भुत रेड-ब्रेस्टेड गूज दिखाई दिए।



### रेड-ब्रेस्टेड गूज को देखना दुर्लभ और रोमांचक

उसने पास खड़े फ्लेमिंगो जोड़े से पूछा तो पाया कि यह रेड-ब्रेस्टेड गूज सामान्य तौर पर अपनी सर्दियां बिताने भारत आते हैं और उन्हें यहां देख पाना एक दुर्लभ दृश्य ही था। वायुराज बादामी रंज वाले गुज को देख इतना मोहित हो गया था कि उसने अपने झुंड के हॉर्न की आवाज पर ध्यान नहीं दिया और वह पीछे रह गया। गूज का झुंड दक्षिण भारत के पॉइंट कैलीमेर सैंक्चुअरी की और बढ़ गया था। नन्हे वायुराज को जब ज्ञात हुआ कि वह अपने झुंड से बिछड़ गया है, वह घबरा गया और बेचैन हो पास बैठे डेमोइसेल क्रेन से पूछा कि उसका झुंड संभवतः किस और गया होगा? डेमोइसेल क्रेन ने वायुराज को बताया कि हर वर्ष बार-हेडेड गूज भारत के कई हिस्सों में अपनी सर्दियां बिताते हैं, जैसे ही असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान एंड लगभग सभी तटीय स्थानों पर उनके पाए जाने की संभावना हो सकती है। वायुराज चिंतित हुआ कि इतने बड़े देश में वह अपने झुंड से पुनः कैसे मिल पाएगा? डेमोइसेल क्रेन के साथ-साथ फ्लेमिंगो ने वायुराज को सुझाव दिया कि क्यों न वह गुजरात के ही नल सरोवर में अपने झुंड को ढूंढने का प्रयास करे, क्या पता झुंड नलसरोवर के आर्द्रभूमि में उगने वाले घास खाने गया हो। वायुराज ने फ्लेमिंगो से नल सरोवर का रास्ता पूछ, वहां की उड़ान भरी। नलसरोवर में वायुराज ने घास की नोक पर फारेस्ट वैगटेल बैठा मिला। पूछने पर वैगटेल ने वायुराज को बताया कि नलसरोवर में तो गूज का कोई झुंड नहीं उतरा, किन्तु संभवतः वे राजस्थान के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान गए होंगे, क्युंकि राजस्थान गुजरात के समीप है और पहले नदजीकी स्थानों पर तलाशना आसान होगा, इसलिए वायुराज केवलादेव जाने का निश्चय करता है। केवलादेव पहुंचने पर वायुराज एक बार पुनः वहां कि सुंदरता और पक्षियों की विविधता को देख अत्यंत उत्साहित हो जाता है। एक बार को तो वह भूल भी गया की वह अपने झुंड से बिछड़ गया है। वहां उसे झुंड के झुंड ढोक (पेंटेड स्टोर्क), राजीव अम्बुकुक्कुटी (पर्पल मूरहेन), ग्लॉसी इबिस, ग्रे बगुला (ग्रे हेरॉन) डार्टर व अन्य अद्भुत पक्षियों का परिचय मिला और वह पक्षी प्रजातियों कि विविधता में खो गया। तभी उसे केवलादेव के जलाशय में बार-हेडेड गूज का एक झुंड दिखा। गूज के झुंड को देख कर वह अत्यंत प्रफुल्लित हुआ और समीप जाकर अपनी मां को ढूंढने लगा। कुछ ही पलों में वह अपनी मां से मिल गया और थोड़ी झिरकी पाने के बाद, उसने अपनी मां को अपनी यात्रा कि कहानी सुनाई। वायुराज की मां ने उसे बताया की झुंड तमिलनाडु के पॉइंट कैलीमेर सैंक्चुअरी की ओर ही अग्रसर था, किंतु वायुराज के पीछे छूट जाने के कारण, झुंड ने केवलादेव में अपने ठहराव की अवधि बढ़ा ली थी। झुंड को यकीन था कि वायुराज की चंचलता और उत्सुकता उसे केवलादेव तक ले ही आएगी। झुंड ने वायुराज के पुनः मिल जाने पर जोरों से हॉर्न की आवाज में खुशी मनाई और तय किया की वह जल्द ही पॉइंट कैलीमेर की यात्रा पर निकलेंगे, भारत में अपनी शिशिर यात्रा पूर्ण करने। अब वायुराज पहले जितना ही उत्सुक तो था किन्तु अब सचेत भी था। झुंड आखिर पॉइंट कैलीमेर पहुंचता है और मध्य एशियाई सर्दियों से बचने के लिए पॉइंट कैलीमेर के आरामदेह हल्के उष्ण वातावरण में अपनी भारत की यात्रा का समापन करता है। वायुराज को यहां भी अन्य शिशिर प्रवासी पक्षियों से मित्रता करने का मौका मिलता है। स्पॉट बिल्ड पेलिकन, कर्ल्यू सैंडपाईपर, ब्लैक नेक्ड स्टोर्क जैसे पक्षियों से मिल वह जान पाया की भारत में शिशिर प्रवासी पक्षियों की विविधता अत्यंत सुखद है। वायुराज जैसे पक्षी प्रेमी, शिशिर का वर्ष पर्यन्त इंतजार करते हैं, ताकि वायुराज समेत वे अन्य सभी भिन्न प्रजाति के प्रवासी प्रक्षियों का स्वागत कर सकें।

# झुग्गियों में बीता था 21 साल के यू-ट्यूबर दानिश जहां का बचपन, आखिरी वक्त में मुंबई के पॉश इलाके में रहते थे, खुद का घर खरीदने का सपना रह गया अधूरा

बतौर होस्ट प्रोड्यूसर विकास गुप्ता के रियलिटी शो 'Ace of Space' के पूर्व कॉन्टेस्टेंट दानिश जहां की मौत को एक सप्ताह से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। 20 दिसंबर को कार हादसे में उनकी मौत हुई थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि 21 साल के दानिश जो भी थे, वो अपने दम पर बने थे। यहां तक कि स्लम एरिया में पले-बढ़े दानिश आखिरी वक्त में मुंबई के पॉश इलाके में रह रहे थे। दानिश के भाई ने शेयर की कई बातें.. से खास बातचीत में दानिश के बड़े भाई गुफरान मुल्ला ने बताया, ÷हमने अपना बचपन कुर्ला, मुंबई में बिताया है, जो कि स्लम एरिया है। लेकिन दानिश कुछ प्राइवेसी चाहता था,इसलिए हमने घर सी-वुड्स नवी मुंबई में शिफ्ट कर लिया। उसकी पॉपुलैरिटी की वजह से कुर्ला वाले घर पर बहुत लोग उससे मिलने आते थे और वह अपना काम नहीं कर पाता था। इसके अलावा उसका सपना खुद का घर खरीदने का था। दो साल पहले उसने



नए रेसिडेंस में शिफ्ट किया था। लेकिन जब वह हमें छोड़ कर चला गया है, तो मुझे नहीं लगता कि दूसरे फैमिली मेंबर्स दोबारा यहां आएंगे।÷

### एशियाई देशों में छुट्टियां मनाने जाने वाले थे दानिश

- गुफरान ने बातचीत में आगे कहा, ÷उसने 2 से 15 जनवरी तक के लिए वेकेशन प्लान किया था। जिसमें वह मलेशिया, थाइलैंड, सिंगापुर और दूसरी एशियन कंट्रीज में जाने वाला था। फ्लाइट टिकिट्स से होटल और ट्रांसपोर्ट्स तक सब कुछ बुक हो चुका था। दुर्भाग्य से जिसने छुट्टियां प्लान की थी, वही हमारे साथ नहीं है।

### अंबानी और ठाकरे फैमिलीज के साथ काम करते थे दानिश

गुफरान कहते हैं, ÷8 साल पहले दानिश मछली पकड़ने के बिजनेस में इंटरेस्टेड था। यहां तक कि वह छोटे तलाबों से मछलियां लाकर बड़ी कंपनियों को बेचता था। वह बैंकॉक और पटाया से मछलियों को एक्सपोर्ट और इंपोर्ट करता था। अंबानी और ठाकरे फैमिली के साथ काम कर रहा था। वह उनके घर जाकर उनके बच्चों को मछलियां देता था। उसके पेमेंट्स चेक इसका सबूत हैं।

### एक वीडियो ने उसकी लाइफ चेंज कर दी

बकौल गुफरान, ÷दानिश मल्टी टैलेंटेड लड़का था। मैं हैरान हूं कि लोग उसके टैलेंट के बारे में बात करने की जगह उसके लुक और उसके पोस्ट किए वीडियोज से उसे जज कर रहे हैं। यह वीडियोज सिर्फ मजे के लिए थे। लोग उन्हें पसंद करते थे। उसकी अच्छी फैन फॉलोइंग थी। दानिश को ब्लॉगिंग का आइडिया इंटरनेशनल आर्टिस्ट से मिला। शुरुआत में वह अपने लिए रैप लिखता था और गाता था। शूटिंग से एडिटिंग तक वह सब करता था। वह वन मेन आर्मी था। तब उसके सिर्फ 600 सब्सक्राइबर थे। लेकिन उसके एक वीडियो %कलिना मोबाइल मार्केट% ने उसे बहुत पॉपुलर बना दिया। इस वीडियो ने उसकी लाइफ पूरी तरह बदल दी। उसने चैनल का नाम दानिश मशीन गन से बदल कर दानिश जहां कर दिया। इसके बाद उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा। यूट्यूब चैनल पर उसके 3.50 लाख सब्सक्राइबर थे। उसने कभी लोगों को गलत रास्ते पर ले जाने के लिए वीडियो नहीं बनाया। लोग उसे नकारात्मक तरीके से ले रहे हैं।÷

### दानिश मेकेनिकल इंजीनियर भी था

गुफरान कहते हैं, मैं, दानिश और तेहरीम (बहन) गरीब फैमिली से हैं। मेरे पिता टाइम्स ऑफ इंडिया में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं। जाहिर है हमारे पेरेंट्स चाहते थे कि हम पढ़ाई करके डॉक्टर और इंजीनियर बनें। दानिश मेकेनिकल इंजीनियर भी था। उसने मुंबई मजगांव के साबू सिद्धी कॉलेज से इंजीनियरिंग की थी, लेकिन इसके बावजूद वह अपने क्रिएटिव टैलेंट के दम पर पॉपुलर बनना चाहता था, जो कि उसका सपना था। उसने अच्छे ग्रेड के साथ अपनी पढ़ाई पूरी की। लेकिन वह किसी के अंडर काम नहीं करना चाहता था। परिवार उसके सपने को पूरा करने में सपोर्ट नहीं कर सका, इसलिए उसने खुद से पैसे कमाना शुरू कर दिया। मैंने उसे एक मोबाइल गिफ्ट किया था और वह इसी के जरिए वीडियो बनाकर पैसे कमाता था।

### 2017 में लुक की वजह से पीटे गए थे दानिश

गुफरान का कहना है, 2017 में वह जिम जाता था और कुछ लोग उसके लुक का मजाक बनाते थे। शुरू के कुछ दिन वह चुप रहा। लेकिन एक दिन वह ग्रुप के पास गया और पूछने लगा कि वे क्यों उसका मजाक बनाते हैं। इसके बदले में उस ग्रुप ने उसे पीटना शुरू कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में दो की दर्दनाक मौत पांच की हालत गंभीर

**द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला**

**रामनगर बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर रानीबाजार गांव के पास में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने एक कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार कई बार पलटते हुए बीच तालाब में जा घुसी। हादसे में मां-बेटे की तड़प-तड़पकर मौत हो गई जबकि करीब 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया ।मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी रत्नेश पांडे ने मृतकों के शव को पीएम के लिए बाराबंकी भेज दिया । बाराबंकी के अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि हादसे में दो लोगों की जान गई है। जबकि बाकी लोगों का इलाज जारी है।

## 31 दिसम्बर को होगी महिला हॉफ मैराथन दौड़ जिसमें दौड़ेंगी 4008 महिलाएं

## देश के अलग-अलग हिस्सों से लखनऊ आ रही हैं हजारों महिला

**द अचीवर टाइम्स/रजनीश कुमार**



**बीकेटी/लखनऊ।** नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के तत्वावधान में आगामी 31 दिसम्बर को महिला हॉफ मैराथन दौड़ आयोजित की जा रही है। नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में यह दौड़ आयोजित की जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से कुल 4008 महिलाएं लखनऊ में दौड़ लगाएंगी। जबकि हजारों महिलाएं स्वयंसेवक के रूप में मैराथन का हिस्सा बनेंगी। यह जानकारी देते हुए नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का प्रान्तीय सह संयोजक नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान ने बताया कि महिला हॉफ मैराथन दौड़ आगामी 31 दिसम्बर को 11 बजे दुबग्गा चौराहे से शुरू होगी। यह भिठौली तिराहे से यू टर्न लेकर वापस फिर दुबग्गा चौराहा आएगी। यह हॉफ मैराथन दौड़ तकरीबन 21 किमी की होगी। इसमें पहला स्थान पाने वाली महिला को तीन लाख रुपए, दूसरा स्थान पाने वाली महिला को दो लाख रुपए और तीसरा स्थान पाने वाली महिला को एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। नशामुक्त सेनानी नागेन्द्र ने बताया कि इन महिलाओं के पीछे से आने वाली प्रथम दस महिलाओं को 21-21 हज़ार रुपए, द्वितीय दस महिलाओं को 11-11 हज़ार रुपए, तृतीय दस को महिलाओं को 51-51 सौ रुपए, चतुर्थ दस महिलाओं को 41-41 सौ रुपए, पंचम दस महिलाओं को 31-31 सौ रुपए, षष्ठम् दस महिलाओं को 21-21 सौ रुपए और सप्तम दस महिलाओं को 11-11सौ रुपए का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। इस तरह कुल 73 महिलाओं को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश के सह संयोजक नागेन्द्र ने आंदोलन के प्रणेता एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के हवाले से बताया कि इस मैराथन में लोकसभा, राज्यसभा व उत्तर प्रदेश विधानसभा की समस्त महिला सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। केन्द्रीय रक्षामंत्री, गृहमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी निमंत्रण दिया गया है। मैराथन के मंच से आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, नशामुक्त भारत का नारा बुलंद होगा। दौड़ के दौरान मंच पर अनेक प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सह संयोजक चौहान के मुताबिक महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से इस मैराथन में एक लाख महिलाओं को लखनऊ बुलाने का लक्ष्य है। साथ ही, हजारों की संख्या में पुरुषों को भी स्वयंसेवक के रूप आमंत्रित किया गया है। सभी से अपील की गई है कि वह अपने घर से भोजन-पानी लेकर आएं। दुबग्गा चौराहे पर सब अपना खाना मिल बाँट कर खाएं। इससे सामाजिक समरसता और मजबूत होगी।

## मोदी का सपना हमारा देश विकसित भारत बने : भाजपा नेता




**संवाददाता**

**निंदूरा (बाराबंकी)।** विकासखंड निंदूरा क्षेत्र में 22 वें दिन विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बोल रहे भाजपा के वरिष्ठ एवं सत्ताधारी नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि हमारा देश विकसित भारत बने दुनिया में सभी देशों से आगे रहेगा और अच्छे नंबरों की लाइन में रहेगा हमारे भारत का नाम विश्व में बड़े सम्मान के साथ लिया जाएगा यह संकल्प लेकर वैन निकली है यह विचार भाजपा एक सत्ताधारी वरिष्ठ नेता ने व्यक्त किये ग्राम पंचायत झरसवाँ के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने शिक्षकों की मदद से देश पर आधारित तेरी मिट्टी में मिल जावा बहन सुहानी ने प्रस्तुत किया, इसी कड़ी में हम लोगों को समझ सको तो समझो फिर भी फिर भी दिल है हिंदुस्तानी नन्हे मुन्ने बच्चों ने शानदार गीत प्रस्तुत किया बच्चों का यह कार्यक्रम देखकर सभी प्रसन्न होकर जोरदार तालियां प्रस्तुत किया बच्चों के शानदार गीतों की प्रस्तुत पर बाबू हरिनाश सिसोदिया के प्रबंधक मनोज सिंह ने 2100 रु बच्चों को दिये भाजपा के वारिस सत्ताधारी नेता ने 1100 रु दिये इसके बाद खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने लोगों कोकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया उज्ज्वला योजना वृद्धा पेंशन किसान सम्मन निधि आयुष्मान कार्ड के बारे में बताया इस मौके पर विजय सिंह विशाल सिंह प्रदीप रावत डीएम सिंह अरविंद मौर्य सचिव विजय कुमार वर्मा आनंद सिंह अभिनव कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## एक नज़र

### अवैध खनन कर रहे 16 बुग्गी चालकों को हिरासत में लेकर बालू से भरी बुग्गियों को किया जब्त

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अवैध खनन करने वाले 16 बुग्गी चालकों को हिरासत में लेकर बालू से भारी बुग्गी को किया जब्त। आपको बता दे कि पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध खनन करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर उप निरीक्षक राजवीर सिंह,विपिन कुमार, सचिन कुमार व सौरव गंगवार ने पुलिस टीम के साथ मिलकर पुलिस ने अवैध खनन करने वाले 16 बुग्गी चालकों को हिरासत में लेकर बालू से भरी बुग्गियों को जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की है।

### नली हुसैनपुर में निकाली यातायात सुरक्षा जागरूकता रैली

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गांव नली हुसैनपुर के आदर्श इंटर कॉलेज द्वारा मंगलवार को यातायात सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम के अर्न्तगत रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ करते हुए सुनील कुमार व बलराम के नेतृत्व में विधार्थियों के समूह गाँव के मार्गो पर सन्देश देते हुए प्रधानाचार्य उपकार दत्त शर्मा ने लोगों को यातायात के चिन्ह व सुरक्षा सम्बन्धी उपायो की जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने सभी से यातायात के नियमों को मानने की अपील की। इस मौके पर चससिंह, सुनील सेटी, सतीश आदि शामिल रहे !

### एसजीपीजीआई में नेफ़रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. नारायण प्रसाद को सम्मानित किया गया

**द अचीवर टाइम्स रघुनाथ सिंह**



**लखनऊ।** एसजीपीजीआई नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. नारायण प्रसाद को संस्थान के 28 वें दीक्षांत समारोह में संस्थान का सर्वोच्च अवार्ड दिया गया केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल , डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और निदेशक डॉ. आरके धीमान की मौजूदगी में इन्हें प्रो.एसआर नायक अवार्ड फार आउट स्टैंडिंग इंवेस्टीगेटर देकर सम्मानित किया गया।

### महान क्रांतिकारियों के बलिदान दिवस पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद राजि0 के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नम्न आखों दीप प्रज्ज्वलित कर दी विनम्र श्रद्धांजलि

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**



**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद राजि0 के जिला अध्यक्ष फसाद खान एवं समस्त सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा शाहजहांपुर के महान क्रांतिकारियों के बलिदान दिवस पर शहीद अशफाक उल्ला खान,पंडित राम प्रसाद बिस्मिल ,ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि दी 19 दिसंबर 2023 को नायक टाइगर फोर्स की टीम द्वारा शाहजहांपुर के सपूत वीर शहीद अशफ़ाकउल्ला खान का शहीद दिवस बड़े श्रद्धा के साथ मनाया गया इस मौके पर उन्हें दीप जलाकर व पुष्प अर्पितकर श्रद्धांजलि दी । शाहजहांपुर में स्थित शहीद पार्क टाउनहॉल में देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले काकोरी कांड के महा बलिदानी अशफाक उल्ला ख़ां, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन लाल सिंह को भारत की जनता को लूटने वाले अंग्रेजी हुकूमत को कोकरी में ललकारने वाले मां भारत के जिला शाहजहांपुर के वीर सपूतों के बलिदान दिवस पर मैं कोटि- कोटि नमन करते हुए जिला फसाद खान ने कहा अशफ़ाकउल्ला खान ने मुल्क की आजादी के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी थी उनके अंदर का जुनून देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा । देश की आजादी के लिए सभी मुस्लिम सिख इसाई आपस में सब भाई-भाई मिलकर अपना अपना योगदान रहा जिसमे सभी वर्गों के लोगों ने बराबर का योगदान दिया । जो देश की आजादी के लिए शहीद हुए हैं उनका सपना देश के नागरिकों को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करना था । काकोरी कांड के लिए उन्हें फैजाबाद जेल में 19 दिसंबर 1927 में फांसी पर चढ़ा दिया गया था. आपको बता दें, अशफाक उल्ला के साथ इस कांड में राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को फांसी की सजा सुनाई गई थी। इस बीच मौजूद रहे, फसाद खान, शक्ति कनौजिया ,गगन दिवेदी, छोटू पांडेय ,प्रभात यूनुस खान , जाकिर अली,तबरेज आलम,रोहित शुक्ला,महेश द्वेवेदी निधि सक्सेना आदि

## पुलिस ने दिखाई सक्रियता दो परिवार को टूटने से बचाया






**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिला पुलिस की सक्रियता के कारण दो परिवार टूटने से बचे। आपको बता दे जनपद हापुड़ में महिला थाना पुलिस द्वारा सार्थक प्रयास,प्रभावी काउंसलिंग कर जी तोड़ मेहनत व समझा कर टूटे हुए परिवार को पुनःमिलवाने का कार्य प्रतिदिन चलाया जा रहा है जिसमें पति-पत्नी के टूटते हुए रिश्ते को बचाया जा सके क्योंकि किसी का हंसता खेलता परिवार बिछड़ने से बच सके जब महिला पुलिस मतभेद दूर कर पति-पत्नी पुनः एक-दूसरे के साथ रहने के लिए हुए सहमत हो जाते हैं तो महिला पुलिस ने दो टूटे हुए परिवार को मिलवा दिया दोनो परिवारों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## विकास कार्यों में देरी को लेकर नगर पालिका के खिलाफ सभासदों का हल्ला बोल

## मायके जाने का हवाला देते हुए अध्यक्ष पति पत्रकारों के सवालों से बचते नजर आए

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** नगर पालिका परिषद द्वारा विकास कार्यो में देरी को लेकर मंगलवार को नगर पालिका प्रांगण में सभासदों ने धरना प्रदर्शन कर हल्ला बोला और नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभासदों ने पालिका अध्यक्ष पर आरोप लगाया कि नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी समय से नगर पालिका कार्यालय में नहीं बैठती हैं जिसके कारण बहुत से विकास कार्य पिछड़ रहे हैं तो वही सभासदों का आरोप भी है कि पिछले 6 महीने से नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। यहां तक की नगर पालिका द्वारा विकास कार्यो की निविदा (टैण्डर) को बार-बार निरस्त करने का खेल चल रहा है। जनहित में पथ, प्रकाश, पानी की व्यवस्था ठप के साथ सभी वार्डो के नव निर्माण से लेकर मरम्मत के कार्य रूके हुए है जिससे सभी वार्डो के सभासदों व जनता में भारी रोष है। वहीं जब इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी से बातचीत करने की कोशिश की गई तो अध्यक्ष पति श्रीपाल ने अध्यक्ष को मायके जाने का हवाला देते हुए सवालों से बचते नजर आए और पत्रकारों से कहा यदि आपको किसी संबंध में कोई वक्तव्य चाहिए तो उन्हें कम से कम दो दिन पहले बताएं क्योंकि पालिका अध्यक्ष के घर में बहुत से काम है उन्हें अपने काम से आना-जाना पडता रहता है देखना अब है कि सभासदों के हल्ला बोल के बाद सभी वार्डो में कितने विकास कार्य चालू हो पाएंगे या नहीं यह तो समय ही बताएगा।जिसमें सभी वार्डो के मेंबर विकास दयाल, मुकेश कुमार, डॉक्टर मुशीर, नदीम जड़ोदिया , धर्मेंद्र, रोहताश यादव, नितिन पाराशर, ज्योति, भूपेंद्र, भारती, सुनीता वर्मा, हंसिका कसाना, अनिल वर्मा, नरेंद्र, संजीव शास्त्री, कस्तूरी जी आदि लोग उपस्थित रहे ।

### रामजन्मभूमि परिसर में बनाया जायेगा रामकथा कुंज कारिडोर

**अयोध्या।** राम जन्मभूमि परिसर में बनाया जाएगा राम कथा कुंज कॉरिडोर । इस अवसर पर भगवान राम के पुत्रष्टि यज्ञ से राम राज्याभिषेक तक के प्रसंग की सजाई जाएगी झांकियां । इस अवसर पर मूर्तियों के जरिए आगामी पीढ़ी भगवान राम के जीवन को जान सकेगी करीब से । बताया जाता है कि राम मंदिर आंदोलन के मुख्य सूत्रधार और किरदार रहे स्वर्गीय अशोक सिंगल की इच्छा थी कि राम जन्मभूमि परिसर में बनाया जाए राम कथा कुंज । इस लिए भगवान राम के जीवन पर आधारित 108 प्रसंग के जरिए राम जन्मभूमि परिसर में सजाया जाएगा राम कथा कुंज कॉरिडोर । साथ ही साथ राम जन्मभूमि परकोटे से यात्री सुविधा केंद्र जाने वाले मार्ग पर सजाया जाएगा राम कथा कॉरिडोर जिसमे राम जन्मभूमि परिसर के साथ राम भक्त भगवान के जीवन पर आधारित प्रसंग की सजी हुई झांकियां का लोग आनंद लेंगे ।

## सभी वर्गों के हित के लिए सक्रिय हैं भाजपा : दिनेश रावत



**संवाददाता**

**सिद्धौर बाराबंकी।** मंगलवार को सिद्धौर क्षेत्र की कोठी, भोनई रुद्र, अचका मऊ, छतौरा ग्राम पंचायतों मे मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं का बखान किया। मंगलवार को सिद्धौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोठी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रधान शिवनंदनी द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील कुमार जैसवाल की उपस्थिति के तत्पश्चात ग्राम प्रधान शिवनंदनी, पूर्व प्रमुख रमेश चंद्र, सचिव सुषमा अवस्थी, रवि अवस्थी,सचिन अवस्थी, दीपक वर्मा लेखपाल गुंजन सिंह ,द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए प्रधान शिवनंदनी द्वारा मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया वहीं पर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत व एच एल बी पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक संतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालय पुरे रूद्र में कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान मोहम्मद हकीम, प्रतिनिधि मोहम्मद कदीर ग्राम विकास अधिकारी उत्तम पटेल, सहित अध्यापकों द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत सम्मान करते हुए मुंह मीठा करवाया ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने बताया भारत तभी विकसित होगा जब हमारे देश का युवा इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाएंगे तभी विकसित देश बनेगा विभिन्न लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की कविताएं सुनाई जिस पर लोगों ने जमकर तालियां बजाई विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ में एलसीडी के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई वहीं पर बाल विकास पुष्टाहार, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पूर्ति विभाग, पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारीयों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। वहीं पर हैदरगढ़ के विधायक दिनेश रावत ने बताया भारत संकल्प विकसित यात्रा के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं का बखान करते हुए बताया भाजपा सरकार सबका साथ का विकास करते हुए आम जनमानस तक हर गांव गली के बारे में विकास की गंगा बह रही है उन्होंने बताया आने वाले कल में कोई भी व्यक्ति युवा, महिला, पुरुष, बुजुर्गो को घर घर जाकर समस्त योजनाओं का लाभ मुहैया कराया जाएगा।

## पुलिस ने किये चोरी के ट्रैक्टर ट्राली बरामद




**❖ सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस टीम द्वारा ट्रेक्टर ट्राली चोर पिन्टू सिंह को 12 घन्टे में किया गिरफ्तार।**

**द अचीवर टाइम्स दीपक सिंह**

**शाहजहाँपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधियो पर कड़ी कार्यवाही के क्रम में सुधीर जायसवाल पुलिस अधीक्षक नगर के निकट निर्देशन में व अमित चौरसिया, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना में संलिप्त/नामित अभियुक्त पिन्टू सिहं पुत्र किशनपाल सिंह निवासी ग्राम सिउरा को जलालपुर तिराहे से चोरी के ट्रेक्टर ट्राली के साथ बारह घण्टे में गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त ने बताया कि मैने व चरणजीत ने खेत,साझे में खेती करने हेतु लिया था जिसका करीब 2.5 लाख रूपये चरणजीत पर था वह नही दे रहा था तो तभी मैने अपने साथी के साथ मिलकर उसका ट्रैक्टर मय ट्राली के चोरी कर लिया मैं उसे अपने रिस्तेदार विक्रम के यहाँ छोडने जा रहा था। इस मौके पर उ.नि.राकेश कुमार, उ.निअजय वर्मा, हे.का.राजकुमार अत्री, का.चाँद चौहान नितिन मौजूद रहे।

## टूर्नामेंट का तीसरा मैच स्पोर्ट्स गैलेक्सी और डीवाईए के बीच खेला गया






**द अचीवर टाइम्स रघुनाथ सिंह**

**लखनऊ।** टॉस जीत कर स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बैटिंग करते हुए स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने 8 विकेट खोकर 111 रन बनाए। सुंदर यादव ने 31 और अर्शजीत ने 24 रन बनाये. छ्ब्ब् की तरफ से हर्षवर्धन और वर्तुल मिश्रा ने 2-2 विकेट लिए। रनों का पीछा करते हुए डीवाईए की टीम ने 5 विकेट खोकर 19.4 ओवर में रन बना लिए। नमल सिंह 20, अचिंतो दास 22 और सौमिल दास ने 21 रन बनाए। डीवाईए के वर्तुल मिश्रा को अच्छी गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**दूसरे मैच का प्रसारण इस प्रकार रहा**

आरबीएन ग्लोबल स्कूल की टीम ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। बैटिंग करते हुए आरबीएन की टीम ने 126 रन बनाए, अनुज प्रजापति ने 24 रन बनाए, आदर्श मौर्य ने 23 रन बनाए। लाइफ केयर क्रिकेट क्लब की तरफ से तुषार वर्मा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए लाइफ केयर क्रिकेट क्लब ने 2 विकेट खोकर आसान से 127 रन बनाए। अरबाज अहमद ने 66 रनों की पारी खेली। कप्तान आकाश उपाध्याय ने भी 48 रनों की पारी खेली। अरबाज को उनकी पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया

## पीजीआई में आग की चपेट में आयी ओटी बंद दो दर्जन मरीजों की छुट्टी कर भेजा घर

**❖ सीवीटीएस और इंडो सर्जरी वार्ड के अधिकांश मरीजोंकी की गई छुट्टी, डॉक्टरों ने मरीजों से कहा कि ऑपरेशन के लिए फोन कर बुलाएंगे।**

द अचीवर टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । पीजीआई में सोमवार को ऑपरेशन थियेटर में आग लगने से प्रभावित हुई तीन ओटी को बंद कर दिया गया। इसके चलते करीब दो दर्जन मरीजों को छुट्टी कर घर भेज दिया गया है। इनमें तकरीबन 10 मरीजों के ऑपरेशन मंगलवार एवं बुधवार को होने थे। इन मरीजों का खून और रुपये जमा हैं। इनमें से कई मरीज ऐसे भी हैं जो दो व तीसरी बार बिना ऑपरेशन के छुट्टी दी गई है। सोमवार को पीजीआई की इंडो सर्जरी ओटी में आग लग गई थी। जिसमें दो मरीजों का ऑपरेशन चल रहा था। इस हादसे में दो मरीजों की जान चली गई थी। ओटी को भारी नुकसान होने की वजह से दोनों विभाग के डॉक्टरों ने करीब दो दर्जन मरीजों के ऑपरेशन टाल दिये हैं। मंगलवार को जी ब्लॉक स्थित इंडो सर्जरी और सीवीटीएस में भर्ती करीब दो दर्जन मरीजों की छुट्टी कर घर भेज दिया गया।

**उदाहरण-1-** रायबरेली के रामकरन ने बताया कि पिता की हार्ट सर्जरी होनी थी। एक हफ्ता पहले भर्ती किया था। बुधवार को ऑपरेशन के लिए कहा था, लेकिन सोमवार को आग की घटना होने पर ऑपरेशन टाल दिया है। छुट्टी करने वाले डॉक्टर ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर शुरू होने पर फोन कर बुलाया जाएगा।

**उदाहरण-२-** बहराइच के राहुल ने बताया कि बहन की थायराड सर्जरी के लिए डॉक्टर चार दिन पहले भर्ती किया था। इसी हफ्ते ऑपरेशन होना था। मंगलवार को सुबह राउण्ड पर आए डॉक्टर ने कहा कि तुम्हारी छुट्टी की जा रही है। आग लगने की वजह से ऑपरेशन अभी नहीं हो पाएगा। घर जाइये फोन करके बुलाया जाएगा।

**ओटी में मरम्मत का काम शुरू**

ओटी कॉम्प्लेक्स की आग की चपेट में आये ऑपरेशन थियेटर में मंगलवार सुबह से ही मरम्मत का काम शुरू हो गया। आग से जले उपकरण, तार आदि अन्य गंदगी की साफ सफाई हुई। धुएं से फर्श और दीवारें काली पड़ गई थी। इनकी साफ़ सफाई वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी ओमप्रकाश के द्वारा करायी गई। अफरा तफरी और भागदौड़ में बिखरे सामान को सुरक्षित स्थान पर रखा गया। जिम्मेदारों ने ओटी और आईसीयू में जाकर उपरणों की पड़ताल की। साथ ही आग से खराब हुए सामान की सूची बनायी गई।

# एआई पेशेवरों की मांग 2026 तक 10 लाख तक पहुंचने का अनुमान

❖ व्हीबॉक्स ने जारी की कार्य, कौशल और गतिशीलता के भविष्य पर एआई का प्रभाव पर इंडिया स्किल्स रिपोर्ट




द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** अग्रणी रिमोट प्रॉक्टर्ड मूल्यांकन और परामर्श फर्म व्हीबॉक्स ने आज 'इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2024' जारी की, जिसमें देश के कार्यबल पर कृत्रिम मेधा (एआई) के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। इसका विषय था, ÷कार्य, कौशल और गतिशीलता के भविष्य पर एआई का प्रभाव। यह 11वां संस्करण, मुख्य हाइलाइट्स को उजागर करता है जो एआई क्षेत्र में भारत की रोजगार क्षमता और नेतृत्व को रेखांकित करता है। यह 3.88 लाख प्रतिभागियों और 152 निगमों की अंतर्दृष्टि के साथ व्यापक व्हीबॉक्स नेशनल इम्पलायबिलिटी टेस्ट पर आधारित है। व्यापक रूप से जानकारी से भरपूर रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत एआई कौशल पैठ और प्रतिभा एकाग्रता में वैश्विक नेतृत्व की स्थिति का दावा करता है। उसने 3.09 का प्रभावशाली स्कोर अर्जित किया है। अगस्त 2023 तक 4.16 लाख एआई पेशेवरों के स्थापित प्रतिभा आधार के साथ देश लगभग 6.29 लाख की वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। यह आंकड़ा 2026 तक 10 लाख तक बढ़ने की उम्मीद है। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2024 में व्हीबॉक्स नेशनल इम्पलायबिलिटी टेस्ट रोजगार योग्यता सर्वेक्षण देश के रोजगार योग्य युवाओं के बीच सूक्ष्म रुझान और जनसांख्यिकीय परिवर्तनों को प्रकट करता है, जो उनकी बढ़ती उम्मीदों के बारे में गहन जानकारी प्रदान करता है। भारत में पिछले वर्ष की तुलना में समग्र युवा रोजगार क्षमता में 51.25 प्रतिशत का सुधार हुआ है। बड़े प्रतिभा पूल वाले राज्यों में हरियाणा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, केरल और तेलंगाना में उच्च रोजगार योग्य युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। विशेष रूप से, हरियाणा 76.47 प्रतिशत परीक्षार्थियों के साथ हीबॉक्स नेशनल इम्पलायबिलिटी टेस्ट पर 60 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने के साथ सबसे आगे है। 22 से 25 वर्ष की आयु सीमा में उत्तर प्रदेश 74.77 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक प्रतिभा संकेन्द्रण के साथ सबसे ऊपर है और इसके बाद महाराष्ट्र 71.97 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, शीर्ष 10 शहरों में इस आयु वर्ग के भीतर समग्र रोजगार दर 63.58 प्रतिशत है। ये निष्कर्ष भारत में रोजगार परिदृश्य को प्रभावित करने वाले क्षेत्रीय विविधताओं और जनसांख्यिकीय कारकों को रेखांकित करते हैं। व्हीबॉक्स कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और इंडिया स्किल्स रिपोर्ट के मुख्य संयोजक श्री निर्मल सिंह ने कहा, ÷आज, जब हम इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2024 का अनावरण कर रहे हैं तो मैं उन सभी के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारे देश के एआई परिवेश के इस व्यावहारिक अन्वेषण में योगदान दिया। वैश्विक एआई क्रांति का नेतृत्व करने की भारत की क्षमता हमारे द्वारा की गई महत्वपूर्ण प्रगति और हमें परिभाषित करने वाले जीवंत आईटी परिदृश्य से स्पष्ट है। इस परिवर्तनकारी यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए समावेशन पर ध्यान देने के साथ चुनौतियों का समाधान करने की जरूरत है। सरकारी निकायों, व्यवसायों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोगात्मक प्रयास सर्वोपरि हैं, जैसा कि हमारे डिजिटल बुनियादी ढांचे में सफल युवा कौशल उन्नयन पहल और प्रगति में देखा गया है। उन्होंने कहा, एआई में निवेश प्रौद्योगिकी से कहीं आगे तक फैला हुआ है। यह अधिक समावेशी और समृद्ध भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आईटी और व्यवसाय में विदेशी निवेश के लिए भारत का आकर्षण डिजिटल कल के हमारे सपनों को प्रेरित करता है। एआई क्रांति जन-प्रथम अर्थव्यवस्था को आकार देने, नवाचार में नेतृत्व करने और एक ऐसे भविष्य का नेतृत्व करने का हमारा आह्वान है, जहां प्रौद्योगिकी और मानवता सामंजस्यपूर्ण रूप से सह-अस्तित्व में हों। एआई-संचालित आर्थिक परिवर्तन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता एआई टास्क फोर्स और नीति आयोग की 'एआई के लिए राष्ट्रीय रणनीति' जैसी सक्रिय पहलों के माध्यम से स्पष्ट है।''

## अयोध्या कमिश्नर गौरव दयाल और आई जी प्रवीण कुमार ने किया एयर पोर्ट का जायजा



संवाददाता

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार,जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त विशाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट में निर्मित विभिन्न सुविधाओं यथा-टर्मिनल बिल्डिंग, पार्किंग व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुये विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके उपरांत अधिकारियों द्वारा निर्माणाधीन अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, टर्मिनल सहित अन्य प्रमुख स्थलों का रेलवे के एडीआरएम तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया तथा सुरक्षा मानकों के दृष्टिगत अन्य निर्माणाधीन कार्यों के सम्बंध में दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर एसपी सिटी मधुवन कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नज़र

### अयोध्या धाम में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर लगाए जाएंगे फाइबर के शौचालय एवं महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम

**अयोध्या।** भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी में नगर निगम जुटा । बताया जाता है कि इस दौरान अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं के लिए लगाए जाएंगे फाइबर के टॉयलेट और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम । नगर निगम ने किया टेंडर । प्रेजेंटेशन के लिए कई कंपनियों ने नगर निगम परिसर में दिखाएं अपने प्रोडक्ट, 1500 शौचालय व 150 लगाए जाएंगे महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम । बताया जाता है कि 1000 शौचालय होंगे स्थाई और 500 शौचालय होंगे अस्थाई, चेंजिंग रूम सभी 150 होंगे स्थाई।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

संवाददाता

**बाराबंकी।** (डॉक्टर रेहान अलवी) रोजगार दिलाने के बहाने विदेश भेजने के नाम पर ठगी का एक मामला सामने आया है। इस बार ठगी का शिकार कस्बा व तहसील फतेहपुर के एक युवक हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क़स्बा फ़तेहपुर के मोहल्ला मौलवी गंज निवासी अरशद पुत्र शब्बीर को दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख अस्सी हज़ार रुपए का चूना लगाया गया है। पीड़ित युवक के पिता शब्बीर द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि। फतेहपुर के उस्मान और खालिद ने हमारे बेटे को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर हमसे एक लाख अस्सी हज़ार रुपए की ठगी कर ली। मेरे बेटे को दुबई तो भेज दिया गया, लेकिन वहां किसी काम पर उसे लगाया नहीं गया। जब मेरा बेटा तीन-चार महीने तक परेशान रहा तो मैंने उसे अपने खर्चे से दोबारा अपने वतन क़स्बा फ़तेहपुर बुला लिया। अब मेरे बेटे को विदेश भेजने वाले उस्मान और खालिद मेरा पैसा वापस नहीं कर रहे हैं। जबकि दोनों ने पैसा लेते समय यह बात कही थी यदि उसे नौकरी पर नहीं लगाया गया तो सारा पैसा वापस कर दिया जाएगा।

### अयोध्या आने पर तमिल संगमम के सदस्यों का होगा भव्य स्वागत

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'काशी तमिल संगमम' के द्वितीय संस्करण का शुभारम्भ किया जिसमें उ0प्र0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थिति रहे। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि उक्त कार्यकम के अन्तर्गत काशी तमिल संगमम' के विशिष्ट अतिथियों का दिनांक 19.12.2023 से दिनांक 01.01.2024 के मध्य जनपद अयोध्या में आगमन व भ्रमण का कार्यकम प्रस्तावित है । इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार मण्डलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा काशी तमिल संगमम' के विशिष्ट अतिथियों के जनपद में आगमन अयोध्या धाम बस स्टेशन अयोध्या पर स्वागत आदि की व्यवस्था की गई है । इस अवसर पर होटल शाने अवध एवं होटल तिरूपति में रुकने एवं श्रीराम जन्म भूमि, हनुमानगढ़ी, राम की पैड़ी में दर्शन-पूजन व भ्रमण कार्यकम की व्यवस्था की गयी है। उक्त *विशिष्ट अतिथियों का समूहों में आगमन दिनांक 19, 21, 23, 25, 27, 29 व 31 दिसम्बर 2023 को लगभग सायं 06:00 बजे होगा एवं प्रस्थान 20, 22, 24, 26, 28, 30 दिसम्बर 2023 व 01 जनवरी 2024 को होना प्रस्तावित है । जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने बताया कि 'काशी तमिल संगमम' के द्वितीय संस्करण को सफल व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभागवार नोडल अधिकारी बनाये गये है, जो सभी सम्बन्धित से आवश्यक समन्वय स्थापित कर अपने संबधिंत समस्त कार्यवाही समय से सुनिश्चित करायेंगे। पुलिस विभाग से पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात प्रमोद यादव को नोडल बनाते हुये आवश्यक पुलिस बल, बार्डर से स्कोर्ट, सुरक्षा, यातायात आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था देखेगें। इसी क्रम में चिकित्सा विभाग से मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजय जैन को नोडल बनाते हुये अतिथियों के अवस्थान हेतु निर्धारित होटलों/ कार्यक्रम स्थलों यथा होटल (शाने अवध/तिरूपति) बस स्टेशन अयोध्या धाम, हनुमानगढ़ी, आदि हेतु एम्बूलेंस मय औषधि व डाक्टर टीम इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। नगर निगम विभाग के नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय द्वारा सम्बन्धित मार्गो एवं अस्थापन/कार्यक्रम आदि स्थलों पर साफ-सफाई, चूना छिड़काव, शुद्ध पेयजल प्रकाश, फागिंग आदि की आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय करायेगें। लोक निमार्ण विभाग के नोडल अधिकारी अधिशाषी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड एस0 पी0 भारतीय द्वारा सम्बन्धित विभागीय मार्गो की मरम्मत व अन्य विभागों की सड़को से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर मरम्मत करायेगें। खाद्य सुरक्षा विभाग के नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त मानिक चन्द्र सिंह द्वारा सम्बन्धित सभी होटलों व अन्य कार्यक्रम स्थलों पर खादय पदार्थो की चेकिंग व सैंपलिंग करायेगें। विद्युत विभाग के नोडल अधिकारी अधि0 अभि0 विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम प्रदीप वर्मा व सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा नरेन्द्र यादव द्वारा सम्बन्धित मार्गो, होटलो एवं कार्यक्रम स्थलों पर विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत सुरक्षा से सम्बन्धित आवश्यक प्रर्यवेक्षण करायेगें तथा परिवाहन विभाग के नोडल अधिकारी सहायक संभागीय परिवाहन अधिकारी प्रवर्तन प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आवश्यकता पड़ने पर वाहन उपलब्ध करायेगें एवं सम्बन्धित मार्गो/कार्यक्रम स्थलों पर आवागमन/यातायात आदि की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे । जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने बताया कि उपरोक्त के अतिरिक्त नामित मजिस्ट्रेट/अधिकारियों द्वारा होटल/कार्यक्रम स्थल पर समय से उपस्थित विशिष्ट अतिथियों की सुविधाओं एवं खान-पान की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी।

## अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के सीएसआर द्वारा कंबल वितरण किया गया



संवाददाता

**डाला,सोनभद्र।** अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के सीएसआर द्वारा भलुआ टोला में मंगलवार की सुबह ग्यारह बजे जरुरतमंदों असहाय सात सौ लोगों को कंबल वितरण किया गया , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन ओबरा चांदनी देवी व विशिष्ट अतिथि अल्ट्राटेक ईकाई प्रमुख संदीप हिवारेकर रहे। मुख्यअतिथि ओबरा चेयरमैन ने बताया कि गरीब और असहाय लोगों को ऐसे मौसम में सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य है।सरकार किसान व गरीबों के हित में काम कर रही है। ठंड से बचाने के लिए गरीबों को कंबल वितरित किए जा रहा हैं।अल्ट्राटेक ईकाई प्रमुख संदीप हिवारेकर ने कहा कि गरीबों की सेवा करने से मन को शांति प्रदान होती है और उन्होंने आम जनमानस से अपील की आप सभी लोग असहाय लोगों के बीच में जाकर गर्म कंबल का वितरण करें। इस दौरान अल्ट्राटेक मानव संसाधन प्रमुख पंकज पोद्दार ,माईस हेड विवेक खोसला, धर्मेंद्र पांडेय, अतुल गहराना ,सुरेश जोशी ,रोहित श्रीवास्तव ,मुस्तफा सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी रमेश चंद्र पांडेय ने किया।

## विकास कार्यों की समीक्षा कर डीपीआरओ ने प्रधानों को दिए निर्देश

**बैठक**

« सदर ब्लाक सभागार में आयोजित की गई विकास कार्यों की बैठक।



संवाददाता

**सोनभद्र।** विकास खंड रॉबर्टसगंज सभागार में जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत विकास खंड के चयनित मॉडल ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव की समीक्षा बैठक की गई। वहीं ग्राम विकास राज्य अधिकारी विशाल सिंह ने ने बैठक को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधानों को बताया कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी भाजपा सरकार प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा तमाम योजनाओं का पत्रों तक पहुंचाया जाए और अधूरे विकसित कार्यों को तत्काल पूर्ण किया जाए जिससे कि पात्र व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके शौचालय आवास व अन्य विकास कार्यों को लेकर ग्राम विकास अधिकारी संबंधित एडीओ पंचायत के नेतृत्व में विकास कार्यों की समीक्षा कर अवगत कारण हर हाल में अधूरे पड़े कार्यों को तत्काल पूर्ण कारण जिस की उच्च स्तरीय जवाब दे ही दिया जा सके जिस भी ग्राम प्रधान व क्षेत्र विकास अधिकारी के क्षेत्र में विकसित कार्यों में लापरवाही पाई गई संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सहायक विकास अधिकारी (पं0) अजय सिंह, जिला कंसलटेंट अनूप कुमार पाल, खण्ड प्रेरक सत्यवती, कम्प्यूटर ऑपरेटर विवेक चौबे, ग्राम पंचायत सचिव राकेश दूबे, सुरेश सिंह, दिनेश गिरी, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, संगीता राय, अरुण कुमार चौधरी व समस्त प्रधानगण उपस्थित रहे।

### अमर शहीद अशफाक उल्ला खां का शहादत दिवस 19 को सभी तैयारी पूरी

**अयोध्या।** अमर शहीद अशफाक उल्ला खां का 96 वा शहादत दिवस धूमधाम समारोह पूर्वक से 19 दिसंबर मंगलवार को प्रेस क्लब में मनाया जाएगा। समारोह में माटी रतन सम्मान, प्रतियोगी परीक्षा का पुरस्कार,अंध विद्यालय के छात्रों को गर्म वस्त्र,मूक बधिर , यतीमखाना, गुरु कुल के छात्रों को आर्थिक सहायता दिया जाएगा।इस अवसर पर विचार गोष्ठी में विभिन्न दलों, संगठनों के लोग शामिल होंगे । संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि अशफाक उल्ला खां के पौत्र शादाब उल्ला खां होंगे। माटी रतन हेतु अशोक कुमार पाण्डेय, फारुक सैयद तथा संगीतज्ञ डॉ अनामिका सिंह का चयन किया गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं के संयोजक दानबहादुर सिंह चयनित छात्रों की घोषणा करेंगे।

## मुसलमानों को भाजपा से दूर रखना चाहती हैं विपक्षी पार्टियां

संवाददाता



**बाराबंकी।** (डॉक्टर रेहान अलवी)भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के युवा नेता निहाल अहमद सिद्दीकी का समाजसेवी आरिफ अंसारी के आवास पर स्वागत किया गया। आरिफ़ के मकान पर सिद्दीकी का समाजसेवी मोहम्मद साहिल ने अपने साथियों के साथ अंग वस्त्र भेंट कर और बुके देकर स्वागत और सम्मानित किया।इस मौके पर निहाल सिद्दीकी ने कहा कि 2024 के चुनाव में हम सबको एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से विजय बनाना होगा। और लगातार तीसरी बार सबका साथ सबका विकास पर अमल करने वाले नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुनः सरकार बनाना होगा। निहाल ने कहा कि पहले की सरकारों ने मुस्लिमों को सिर्फ़ छलने का काम किया है। इनके अलावा क्षेत्रीय दलों ने भी सत्ता में बने रहने के लिए अल्पसंख्यकों खासतौर से मुस्लिमों का जमकर इस्तेमाल किया। सभी पार्टियां भाजपा से मुस्लिमों को डराते रहीं ताकि मुस्लिम भाजपा की ओर ना जाने पाए। लेकिन अब मुस्लिम समझ गया है कि भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को दिया है यही कारण है कि मुसलमानों की सोच भी बदल रही है।इस अवसर पर भूपेंद्र वर्मा, सलमान, रिजवान, वैश, जुहेर, अब्दुल रशीद आदि मौजूद रहे।

## पाक्सो एक्ट के दोषी राकेश विश्वकर्मा को तीन वर्ष की कैद नौ हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

❖ जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी।
❖ अर्थदंड की धनराशि में से साढ़े चार हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।
❖ साढ़े सात वर्ष पूर्व घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़खानी का मामला।

संवाददाता

**सोनभद्र।** साढ़े सात वर्ष पूर्व घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राकेश विश्वकर्मा को तीन वर्ष की कैद एवं नौ हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से साढ़े चार हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक पन्नूगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 20 अप्रैल 2016 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 20 अप्रैल 2016 को शाम तीन बजे राकेश विश्वकर्मा पुत्र बनाफल विश्वकर्मा निवासी गोलाबाद, थाना नौगढ़, जिला चंदौली अपने एक अन्य साथी के साथ घर में घुसकर उसकी नाबालिग लड़की का हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा। जब बेटी ने आवाज दी तो बगल के घर में से आ गई। तब घर से निकल कर दोनों जाने लगे तब तक गांव के लोगों ने पकड़ लिया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राकेश विश्वकर्मा को तीन वर्ष की कैद एवं नौ हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। कोर्ट ने दूसरे आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से साढ़े चार हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता का अजय वर्मा ने फीता काट कर किया शुभारंभ

संवाददाता



**मसौली बाराबंकी ।** (डॉक्टर रेहान अलवी)विगत वर्षो की भांति मंगलवार को ग्राम पंचायत सफदरगंज स्थित कल्याणी नदी के तट पर अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल में कई प्रदेशों से आए धुरंधर पहलवानों ने अपने दांव-पेंच में फंसाकर अखाड़े में अपने दमखम दिखाए।दंगल का उदघाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सफदरगंज अजय वर्मा ने फीता काटकर कर पहलवानो से परिचय प्राप्त करते हुए किया। प्रतियोगिता की पहली कुश्ती अयोध्या के पहलवान नागेन्द्र और राजस्थान के शैतान सिंह के बीच हुई जिसमें नागेन्द्र ने शैतान सिंह को अपने दांव-पेंच से चित कर दिया। दम खम से भरी कुश्ती देख दर्शकों ने तालियां से जोरदार स्वागत किया। राजस्थान पंजाब नेपाल कलियर शरीफ अयोध्या से आए नामचीन पहलवानों के दांव पेज देखने के लिए दूर दराज से भारी संख्या में भीड़ जुटी। दंगल का सबसे रोमांचक चैलेजिंग मुकाबला बाराबंकी कोटवा धाम के सन्दीप सिंह व राजस्थान के मोनू पहलवान के बीच हुआ। जिसमें सधे दाव पेच से संदीप सिंह ने मोनू पहलवान को चित कर दिया। अयोध्या हनुमान गढ़ी के बाबा नागेन्द्र ने सधे दांव-पेंच से मुरादाबाद के अजीत पहलवान को पहलवान को पटक दिया। इसी क्रम में बांदा के युवा पहलवान फैजल गनी हरियाणा के शैतान सिंह को कुस्ती के सटीक दाव से हरा कर दशकों का भरपूर मनोरंजन किया। राजस्थान के गंगा पहलवान ने सहादतगंज के कय्यूम पहलवान को हराया। कार्यक्रम के आयोजन में समाजसेवी अजीत झा, उस्मान सिद्दीकी, मोहम्मद रफीक ने पहलवानों को नगद ईनाम देकर सम्मानित किया तथा. ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय वर्मा ने सभी विजयी पहलवानों को संयुक्त रूप 65 हजार रुपए की ईनाम राशि देकर सम्मानित किया। मसौली संवाददाता ने बताया कि इस मौके पर ग्राम प्रधान नियामतपुर संदीप सिंह, निरंजन वर्मा, सोनू जायसवाल, रमाकांत श्री माली, रवि भारती, शनी गुप्ता, पप्पू सैनी आदि मौजूद

## लुटेरों ने व्यापारी को बनाया बंधक बनाकर की लूटपाट



❖ पांच छः बोरों में भरकर ले गए सोना, चांदी और नक़ली।

संवाददाता

**कुर्सी बाराबंकी।** (डॉक्टर रेहान अलवी) कुर्सी क्षेत्र के टिकैत गंज में हथियारों से लैस बदमाशों ने व्यापारी को बंधक बनाकर जबरदस्त लूटपाट की है। डकैती में पांच-छह बोरों में भर-भरकर सोना-चांदी, कैश और बाकी सामान लूट ले गए। डकैत,बर्तन लेने के बहाने दुकान में घुसे थे। पांच हथियारबंद डकैतों ने पूरे परिवार को बनाया बंधक बना लिया। बदमाशों ने करीब तीन घंटे तक पूरे घर को छाना, सारा सामान बटोरकर इनेवा कार से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकैतगंज निवासी बर्तन व्यापारी शिव कुमार निगम को पड़ोसियों ने घर जाकर बंधन से मुक्त कराया। शिव कुमार सोने-चांदी को गिरवी रखकर ब्याज पर पैसे देते थे। जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।आलाधिकारी मौके पर जांच-पड़ताल में जुटे हैं।अपर पुलिस अधीक्षक सी.एन सिंह ने कहा कि चार टीमों का गठन किया गया है जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### अग्निवीर की भर्ती 19 दिसंबर से शुरू

**अयोध्या।** 19 से 29 दिसम्बर 2023 तक जनपद अमेठी के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के विषय में जानकारी देते हुये कर्नल एस0के0 मौर्य ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के अन्तर्गत 13 जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि रैली में लगभग प्रतिदिन 1000 अभ्यर्थी भाग लेंगे, जिन्होंने अप्रैल 2023 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण किया है। यह भर्ती रैली अग्निवीर जीडी, अग्निवीर और अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं और 10वीं कक्षा पास) ट्रेड के लिए आयोजित की जा रही है। इस रैली में उत्तर प्रदेश के 13 जिलों क्रमशः अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या , बस्ती, कौशांबी, कुशीनगर, महाराजगंज, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, संतकबीर नगर, सुल्तानपुर और सिद्धार्थनगर के अभ्यर्थी भाग लेंगे ।

## एमपी मंत्रिमंडल के पहले चरण में 20 मंत्री होंगे शामिल!

# इन बड़े नामों पर अभी भी संशय बरकरार

**संवाददाता**




**मध्य प्रदेश।** मध्य प्रदेश में सीएम मोहन यादव और दो उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा ने शपथ ले ली है। अब मोहन सरकार के कैबिनेट विस्तार को लेकर चर्चा जारी है। पहले कैबिनेट विस्तार में 20 से कम मंत्री शामिल हो सकते हैं। मध्य प्रदेश में मंत्रिमंडल के गठन को लेकर चर्चा जारी है। इसके लिए भोपाल से लेकर दिल्ली तक की दौड़ चल रही है। मगर मंत्रिमंडल में किसे जगह मिलेगी यह तय नहीं है। विधानसभा चुनाव में जीते दिग्गजों को मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी या नहीं इसको लेकर भी संशय बना हुआ है। दरअसल, एमपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी को दो तिहाई बहुमत मिला है। सीएम मोहन यादव के अलावा दो उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा शपथ ले चुके हैं। इसके बाद से मंत्रिमंडल को लेकर एक तरफ कयासबाजी चल रही है तो दूसरी ओर बीजेपी में मंथन जारी है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के अलावा संगठन की ओर से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद दिल्ली का दौरा कर चुके हैं। उनकी वरिष्ठ नेताओं से इस मसले पर चर्चा भी हो चुकी है। पार्टी के अन्य दिग्गज नेताओं ने भी दिल्ली का दौरा किया है। सूत्रों की मानें तो मंत्रिमंडल में पहले चरण में 20 से कम मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। लोकसभा चुनाव के बाद ही मंत्रिमंडल का अगला विस्तार संभव हो पाएगा। शुरुआती तौर पर मंत्रिमंडल में अनुभवी और युवा विधायकों को जगह दिए जाने की संभावना बनी हुई है। वरिष्ठ नेताओं में शामिल राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, पूर्व सांसद रीति पाठक, उदय प्रताप सिंह और राकेश सिंह मंत्री पद के दावेदार हैं। लेकिन उनके मंत्री बनाए जाने को लेकर संशय बना हुआ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने का पहले ही फैसला हो चुका है। सूत्रों की माने तो राष्ट्रीय नेतृत्व और राज्य की इकाई के बीच संभावित मंत्रियों के नाम पर चर्चा हो चुकी है और विधानसभा चुनाव जीतने वाले अधिकांश पूर्व सांसदों ने मंत्रिमंडल में शामिल होने पर अपनी सहमति भी दे दी है। मगर किसे शामिल किया जाता है और किसे बाहर रखा जाता है यह आने वाले दिनों में ही तय होगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता कह चुके हैं कि मंत्रिमंडल में किसे जगह मिलेगी यह फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ चर्चा के बाद तय होगा।

## हिमाचल में पड़ने लगी हाड़ कंपाने वाली ठंड, इस जिले में मानइस 7.6 पहुंचा तापमान, नलों का पानी हो गया जाम

**संवाददाता**




**शिमला।** मौसम विज्ञान केंद्र ने 21 दिसंबर तक राज्य में शुष्क मौसम रहने और 22 तथा 23 दिसंबर को मध्य स्तर की पहाड़ियों में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और ऊंची पहाड़ियों पर बारिश या बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है।

**हिमाचल में मौसम**

हिमाचल प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला रहा। पर्वतीय क्षेत्रों से लेकर मैदानी जिलों तक दिन भर ठंडी हवाएं चलने से ठंड में भी इजाफ़ा हो गया है। सोमवार को भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बर्फबारी और गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। अधिकांश शहरों के तापमान में कमी दर्ज की गई है। पिछले दो दिनों के भीतर तापमान 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया है। ठंड बढ़ने के चलते लोग गर्म कपड़ों में नजर आने लगे हैं। प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का प्रकोप रविवार को भी जारी रहा और पारे में गिरावट दर्ज की गई। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु के आसपास रहा और कुछ स्थानों पर सामान्य से नीचे रहा। जनजातीय लाहौल स्पीति जिले के कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान माइनस 7.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि जनजातीय किन्नौर जिले के काल्पा में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। इसके बाद रिकोंग पिओ में तापमान शून्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस नीचे , नारकंडा में शून्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस कम और भुंतर में 0.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

**शिमला में ऐसा रहा मौसम**

कुफरी, सुंदरनगर, सोलन, मंडी और डलहौजी में पारा जमाव बिंदु के करीब रहा। अधिकतम तापमान भी कई स्थानों पर सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस नीचे रहा और डलहौजी, चंबा और सोलन में अधिकतम तापमान क्रमश॰ 8.4, 17.8 और 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शिमला में अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है।

## एक नज़र

### हथियारों पर बहुत खर्च कर रहे लोग, यह पूरी तरह से गलत है ॰ दलाई लामा



**धर्मशाला।** नौ दिसंबर (भाषा) तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने एक शांतिपूर्ण दुनिया की स्थापना पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि लोग हथियारों पर बहुत पैसे खर्च कर रहे हैं, जो 'पूरी तरह से गलत है।' धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन 'एसईई लर्निंग ॰ अ वर्ल्डवाइड इनिशिएटिव फॉर एजुकेटिंग द हार्ट एंड माइंड' के उद्घाटन सत्र में दलाई लामा ने कहा कि सच्ची करुणा खुद की रक्षा करने का सर्वश्रेष्ठ हथियार है। द दलाई लामा ट्रस्ट और एमोरी विश्वविद्यालय स्थित सेंटर फॉर कंटेम्प्लेटिव साइंस एंड कंपैशन बेस्ड एथिक्स संयुक्त रूप से इस सम्मलेन का आयोजन कर रहे हैं। धर्मशाला, नौ दिसंबर (भाषा) तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने एक शांतिपूर्ण दुनिया की स्थापना पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि लोग हथियारों पर बहुत पैसे खर्च कर रहे हैं, जो 'पूरी तरह से गलत है।' धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन 'एसईई लर्निंग ॰ अ वर्ल्डवाइड इनिशिएटिव फॉर एजुकेटिंग द हार्ट एंड माइंड' के उद्घाटन सत्र में दलाई लामा ने कहा कि सच्ची करुणा खुद की रक्षा करने का सर्वश्रेष्ठ हथियार है। द दलाई लामा ट्रस्ट और एमोरी विश्वविद्यालय स्थित सेंटर फॉर कंटेम्प्लेटिव साइंस एंड कंपैशन बेस्ड एथिक्स संयुक्त रूप से इस सम्मलेन का आयोजन कर रहे हैं। दलाई लामा ने सम्मेलन में एकत्रित लोगों से कहा, ÷लोग हथियारों पर बहुत पैसे खर्च कर रहे हैं और यह पूरी तरह से गलत है। हमें एक शांतिपूर्ण दुनिया, एक करुणामय दुनिया की स्थापना के बारे में सोचना होगा। उन्होंने कहा, ÷सच्ची करुणा खुद की रक्षा करने का सर्वश्रेष्ठ हथियार है। हर कोई विश्व शांति के बारे में बात करता है, लेकिन विश्व शांति आसमान से नहीं आती। दलाई लामा ने कहा कि सच्ची करुणा विश्व शांति, पारिवारिक शांति और सामुदायिक शांति का आधार है। सम्मेलन का उद्घाटन सत्र दलाई लामा को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की 33वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुआ।

### गुनेइबिली सेकेंडरी स्कूल द्वारा नबीन ओड़िशा कार्यक्रम

**संवाददाता**



**ओड़िशा, भुबनेश्वर।** गुनिबिल रीजनल हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा न्यू ओडिशा, युव ओडिशा, नवीन ओडिशा कार्यक्रम के एक भाग के रूप में सामाजिक जागरूकता कार्य, जिसमें ढेंकनाल जिले का कामाक्षानगर ब्लॉक शामिल है। 15.12.2023 को रीच से तीन दिनों में फैलाया गया है। उक्त कार्यक्रम में 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और बोलू, रगड़ीपाड़ा, गुनिबिल और गांधीनगर जैसे गांवों में स्वच्छता अभियान, बाल विवाह विरोधी, अंधविश्वास और पूर्वाग्रह विरोधी और दुर्घटनाओं की रोकथाम की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छात्र-छात्राओं की ओर से नारे, भाषण और नुक्कड़ नाटक किये गये. कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अध्यक्ष शिशिर कुमार राउत ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज से अंधविश्वास एवं पूर्वाग्रहों को दूर करने में विद्यार्थियों की अहम भूमिका है. जागरूकता कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी सिद्धार्थ शंकर मोहंती, कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रोज़लिन दास ने किया और संकाय सदस्यों निरंजन स्वामी, ब्रह्मानंद दास, अनिल कुमार स्वामी, प्रह्लाद राउत, श्रीमती प्रियंबदा राउत और प्रसन्ना कुमार भोई, करुणाकर नाइक ने भाग लिया।

### उत्तराखंड के पहाड़ों में दिखने लगे हैं बाघ! पर्यावरणविद हैरान, आखिर क?या हो सकती है वजह

**देहरादून।** उत्तराखंड के पहाड़ों में छह हजार फीट की ऊंचाई तक बाघ दिखाई देने लगे हैं। वन विभाग ने उन्हें कैमरों में कैद किया है। लेकिन यह देखकर पर्यावरण विज्ञानी हैरान हैं कि आखिर मैदानों में रहने वाला बाघ ऊपर की ओर रुख क्यों कर रहे हैं।

उत्तराखंड के बाघ (टाइगर) (Tigers In Uttarakhand) अपने व्यवहार के उलट अब मैदान से पहाड़ भी चढ़ने लगे हैं। अब तक माना जाता था कि पहाड़ों में सिर्फ तेंदुए ही पाए जाते हैं। पिछले दिनों उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के जागेश्वर धाम के पास शौकियाथल में बाघ दिखाई देने के बाद पर्यावरणविद और वनविदों में हैरानी है। लगभग छह हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित बिनसर के जंगल में बाघ की मूवमेंट अल्मोड़ा के डीएफओ ने खुद अपने कमरे में कैद की है। इसी साल के अगस्त में बागेश्वर के गरुड़ राजकीय इंटर कॉलेज अम्सारी के बच्चों पर बाघ ने स्कूल जाते समय हमला कर दिया था। बाघ के हमले में भिलकोट क्षेत्र के दो बच्चे घायल हो गए थे। उनके साथ के दो बच्चों ने साहस दिखाते हुए पत्थर मार कर किसी तरह बाघ को भगाकर उनकी जान बचाई थी। बीते 12 दिसंबर को अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम स्थित शौकियाथल के पास बाघ फिर दिखाई दिया। यहां शौकियाथल के पास निर्माणाधीन थिकलाना-त्रिनैली सड़क पर बाघ की मूवमेंट का विडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। पनुवानौला के क्वेटी गांव के युवक किसी काम से कार में सवार हो कर थिकलना जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने वहां बाघ देखा। उसका इन युवकों ने विडियो बना लिया।

# हिमाचल के ऊना में मजदूर की हत्या

## बहस करने पर उद्योगपति ने मारी गोली, कार में मिला शव

**संवाददाता**



**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में बहस करने पर उद्योगपति ने मजदूर की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसकी शव को कार में छोड़कर वो फरार हो गया।

**ऊना में मजदूर की हत्या**

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है। औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल में उद्योगपति ने उसकी फैक्ट्री में काम करने वाले एक कामगार की गोली मारकर हत्या कर दी है। मृतक कामगार 40 वर्षीय हरिनंदन उर्फ भूरा निवासी जिला बेतिया बिहार का बताया जा रहा है। जबकि आरोपी उद्योगपति की पहचान 48 वर्षीय संत प्रकाश पुत्र सुरेंद्र शर्मा निवासी टाहलीवाल के रूप में की गई है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद मौके का मुआयना किया। लेकिन वहां पर न तो कोई लाश मिली और न ही आरोपी मौके पर था। घटना की जानकारी मिलते ही मंगलवार सुबह ही जिला पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ठाकुर, डीएसपी हरोली मोहन रावत ने भी दलबल के साथ मौके का मुआयना किया। मामले की जांच में सहयोग के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

**अस्पताल ले जाते हुए मौत**

एसपी ने बताया कि उद्योग के मालिक संत प्रकाश और कामगार हरिनंदन के बीच सोम और मंगलवार की मध्य रात्रि किसी बात को लेकर बहसबाजी हो गई। इसी बहसबाजी में उद्योगपति ने कामगार पर गोली चला दी। जिसके चलते कामगार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद घायल कामगार को उठाकर अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत होने के चलते उसकी लाश को ठिकाने लगाने का भी प्रयास किया गया।

**कार में मिली लाश**

पुलिस ने पंजाब के नंगल के नजदीक फ्लाई ओवर के नीचे से एक गाड़ी में रखी हरिनंदन उर्फ भूरा की लाश बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के संबंध में हत्या का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी उद्योगपति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ये अस्पताल है या सब्जी मंडी...

## मरीजों को लेकर आपस में भिड़ गई दो महिला डॉक्टर, जमकर किया हंगामा

- मरीजों को लेकर महिला चिकित्सकों में हुई झड़प।
- दोनों ने एक दूसरे पर लगाए गंभीर आरोप।
- महिला डॉक्टरों की इस लड़ाई में मरीज परेशान।

**संवाददाता**




**ऊना।** रीजनल अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ विकास चौहान ने कहा कि मामला विभाग के संज्ञान में आया है। चिकित्सकों की आपसी बहस और झड़प के चलते रोगियों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ा है।

**मरीजों को लेकर महिला चिकित्सकों में झड़प**

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला मुख्यालय के रीजनल अस्पताल के गायनेकोलॉजी विंग में सोमवार को दो महिला चिकित्सकों के बीच मरीजों को लेकर जोरदार झड़प हो गई। हालत यह हो गई की कुछ देर के बाद मामला सुलझाने की बजाय और भी उलझता चला गया। पहले विभाग के अधिकारियों ने बीच बचाव करते हुए मामले को शांत किया और दोनों चिकित्सकों को नियमित ओपीडी करने के निर्देश जारी किए, लेकिन कुछ देर के बाद फिर से मामला भडक़ उठा और एक चिकित्सक के परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर उनकी बेटी के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार के आरोप लगाना शुरू कर दिया। इस दौरान अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं पढ़े लिखे चिकित्सकों के बीच हुई इस नोकझोंक को लेकर पूरा दिन क्षेत्रीय अस्पताल में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। अस्पताल में मौजूद लोगों को यह समझने में भी काफी वक्त लग गया कि आखिर पूरा मुद्दा था क्या। दरअसल एक महिला चिकित्सक जब अस्पताल पहुंची तो दूसरी महिला चिकित्सक के पास मरीजों की लाइन लगी थी। उसके बाद एक महिला चिकित्सक भड़क उठी जिसके बाद माहौल गर्म हो गया। महिला चिकित्सक के परिजनों ने उनकी बेटी के साथ अस्पताल में अन्याय होने के आरोप जड़े।

**अभद्र व्यवहार करने का आरोप**

अस्पताल में तैनात की गई गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रियंका शर्मा ने कहा कि उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया है। वह अपने मरीजों की जांच अपने चेंबर में बैठकर कर रही थी। इसी दौरान दूसरी चिकित्सक द्वारा मरीजों से जबरन ओपीडी की पर्चियां छीन कर ले जाने का प्रयास किया गया, जिसका उन्होंने विरोध किया। तो दूसरे पक्ष की चिकित्सक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया है।

**दूसरी डॉक्टर बोलीं- मरीजों को पहुंचने नहीं दिया जाता**

अस्पताल में ही तैनात दूसरी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्विंकी जैन का आरोप है कि उनके चैंबर तक उनके मरीजों को पहुंचने ही नहीं दिया जाता। मरीजों को दूसरी चिकित्सक द्वारा जबरन छीन कर ले जाए जाते है। वही उनके बारे में अस्पताल परिसर सहित मरीजों में भी कई तरह की भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं।

## बच्चा पैदा करना है साहब, तलाक पर रोक लगा दीजिए...

# उच्चतम न्यायालय ने तलाक की सुनवाई पर लगाई रोक

**संवाददाता**

**मध्य प्रदेश।** एमपी में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक महिला ने कोर्ट में बच्चा पैदा करने के लिए तलाक पर रोक लगाने की याचिका डाली है। पत्नि IVF प्रक्रिया के माध्यम से गर्भधारण करना चाहती है। कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। उच्चतम न्यायालय ने एक-दूसरे से अलग हुए पति-पत्नी के बीच तलाक की सुनवाई पर रोक लगा दी है, क्योंकि पत्नी ने इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) प्रक्रिया के माध्यम से गर्भधारण करने के लिए अपने पति से सहयोग मांगा है। इसके लिए वह उसका शुक्राणु चाहती है। महिला ने अपने पति द्वारा भोपाल में दायर तलाक के लंबित मामले को लखनऊ स्थानांतरित करने का आग्रह करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जहां वह वर्तमान में अपने माता-पिता के साथ रह रही है। मामले को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के आग्रह वाली याचिका न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। जो मामले पर सुनवाई के लिए सहमत हो गए। पीठ ने एक दिसंबर के अपने आदेश में कहा कि दोनों पक्षों के बीच तलाक की याचिका परिवार अदालत भोपाल में लंबित है। याचिकाकर्ता-पत्नी लखनऊ में रहती है और चाहती है कि मामले को लखनऊ स्थानांतरित किया जाए। पति को नोटिस जारी किया जाए और छह सप्ताह के भीतर इसका जवाब दिया जाए। पीठ ने कहा कि इस बीच प्रमुख न्यायाधीश परिवार अदालत भोपाल, मध्य प्रदेश में लंबित (तलाक मामले) में आगे की सुनवाई पर रोक रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में महिला की ओर से वकील असद अल्वी पेश हुए।

**पिता न बनने के लिए बनाया बेरोजगारी का बहाना**

याचिका में 44 वर्षीय महिला ने कहा कि वो और उनके पति ने नवंबर 2017 में शादी की थी। बार-बार अनुरोध के बावजूद उसके पति ने पिता बनने में देरी के लिए अपनी बेरोजगारी का बहाना बनाया। महिला ने कहा कि लगातार अनुरोध के बाद इस साल मार्च में उसके ढ्ढ्स्न के माध्यम से बच्चा जन्मने के प्रति उसका पति सहमत हो गया। इसके बाद दंपति ने विभिन्न चिकित्सा परीक्षण कराए और एक डॉक्टर की देखरेख में आवश्यक दवाएं लेनी शुरू कर दीं।

**पति ने दायर की तलाक की याचिका**

वकील ऐश्वर्य पाठक के माध्यम से दायर याचिका में दावा किया गया है कि हालांकि याचिकाकर्ता को तब झटका लगा जब पति ने अचानक तलाक के लिए मामला दायर कर दिया। जबकि ढ्ढ्स्न उपचार जारी था। उसने याचिकाकर्ता के साथ सभी संपर्क तोड़ दिए। उसकी कॉल ब्लॉक कर दी और उसे भावनात्मक रूप से परेशान कर दिया।

**केस को लखनऊ स्थानांतरित करने का आग्रह**

लंबित तलाक के मामले को लखनऊ स्थानांतरित करने का आग्रह करते हुए याचिका में कहा गया है कि महिला को उसके ससुराल के घर से निकाल दिया गया तथा उसे भोपाल में अपनी पैरवी करने में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि वह उत्तर प्रदेश की राजधानी में अपने माता-पिता के साथ रह रही है

**पति शुक्राणु प्रदान करे**

याचिका के साथ उसने एक आवेदन भी दायर किया है। जिसमें उसने अपने पति को यह निर्देश दिए जाने का आग्रह किया है कि वह ढ्ढ्स्न प्रक्रिया में याचिकाकर्ता और चिकित्सकों के साथ सहयोग करें और जब भी जरूरत हो या ढ्ढ्स्न चिकित्सकों द्वारा सलाह दी जाए तो शुक्राणु और अन्य सहयोग प्रदान करे।

**रोजगार मिलने के बाद भी नहीं किया बच्चा**

याचिका में कहा गया है कि शादी के बाद पुरुष ने अपनी बेरोजगारी का खुलासा किया और महिला से अस्थायी रूप से अपने माता-पिता के साथ रहने का अनुरोध किया। महिला ने याचिका में कहा है कि उसने मुझे आश्वासन दिया कि जब उसे स्थायी रोजगार मिलेगा तो वह अपने बच्चे का पिता बनेगा। याचिकाकर्ता ने कहा कि बाद में उसे रोजगार मिल गया। याचिका में कहा गया है कि...बड़े अनुनय-विनय के बाद प्रतिवादी पत्नी द्वारा अपने बच्चे को जन्म देने पर सहमत हो गया। क्योंकि याचिकाकर्ता की उम्र लगभग 44 वर्ष है और वह रजोनिवृत्ति के कगार पर है। चिकित्सक ने उन्हें 45/46 वर्ष की उम्र पूरी करने से पहले IVF प्रक्रिया द्वारा बच्चा पैदा करने की सलाह दी। दोनों इस पर सहमत हो गए और आईवीएफ प्रक्रिया से गुजरने के लिए इलाज कराना शुरू कर दिया।

# डीवाज से इंस्पिरेशन लेकर ब्लैक आउटफिट के साथ करें मेकअप



अगर आप पार्टी में ब्लैक कलर आउटफिट को कैरी कर रही हैं और अपने लुक को इंस्टेंट बोल्ड टच देना चाहती हैं तो ऐसे में उसके साथ रेड लिपस्टिक को अप्लाई किया जा सकता है। रेड कलर लिपस्टिक देखने में ही ब्यूटीफुल लगती है और आपको पार्टी रेडी लुक देती है। ब्लैक एक ऐसा शेड है, जो हर महिला के वार्डरोब में होता ही है। चूंकि, इस कलर को किसी भी अन्य कलर के साथ बेहद आसानी से पेयर किया जा सकता है या फिर यह खुद भी एक क्लासी लुक देता है, इसलिए महिलाएं इसे पहनना काफी पसंद करती हैं। यूं तो ब्लैक आउटफिट को किसी भी समय पर कैरी किया जा सकता है। लेकिन इवनिंग पार्टी में ब्लैक आउटफिट आपको भीड़ से एकदम हटकर दिखाता है। हैवी महिलाएं भी ब्लैक आउटफिट कैरी करके स्लिम लुक का भ्रम पैदा कर सकती हैं। हालांकि, ब्लैक आउटफिट में अपने लुक को कॉम्पलीमेंट करने के लिए आपको मेकअप पर भी ध्यान देना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बॉलीवुड डीवाज के कुछ ऐसे मेकअप लुक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें ब्लैक आउटफिट के साथ आसानी से क्रिएट किया जा सकता है-

### ब्राउन शेड को करें कैरी



अगर आप ब्लैक आउटफिट में अपने लुक को बहुत अधिक बोल्ड टच नहीं देना चाहती हैं तो ऐसे में ब्राउन शेड को अपने मेकअप का हिस्सा बना सकती हैं। आप अपनी स्किन टोन को ध्यान में रखते हुए ब्राउन के डिफरेंट शेड्स में से किसी एक की लिपस्टिक को अपने लिप्स पर अप्लाई करें। वहीं, पार्टी लुक को ध्यान में रखते हुए आप आंखों पर हल्का सा डस्ट भी यूज कर सकती हैं। यह आपके लुक को बेहद ही खास बनाएगा।

### लगाएं रेड लिपस्टिक

अगर आप पार्टी में ब्लैक कलर आउटफिट को कैरी कर रही हैं और अपने लुक को इंस्टेंट बोल्ड टच देना चाहती हैं तो ऐसे में उसके साथ रेड लिपस्टिक को अप्लाई किया जा सकता है। रेड कलर लिपस्टिक देखने में ही ब्यूटीफुल लगती है और आपको पार्टी रेडी लुक देती है। हालांकि, रेड लिपस्टिक लुक रखते हुए आप अपने आई मेकअप को बेहद लाइट ही रखें। कभी भी आंखों व लिप्स दोनों को बोल्ड टच ना दें, अन्यथा आपका लुक गड़बड़ा जाएगा।

### आंखों को बनाएं ब्यूटीफुल

ब्लैक कलर आउटफिट को कैरी करने का एक लाभ यह होता है कि इसके साथ मेकअप में काफी कुछ एक्सपेरिमेंट किया जा सकता है। मसलन, अगर आप लिप्स को न्यूट्रल शेड दे रही हैं तो ऐसे में आंखों को स्मोकी टच दिया जा सकता है। आप चाहें तो ब्लैक के अलावा ब्राउन शेड से भी स्मोकी आई लुक क्रिएट कर सकती हैं। वहीं, आप रिवर्स कैट आई लुक क्रिएट करके अपनी आंखों को बहुत अधिक अट्रैक्टिव बना सकती हैं।



# शैम्पू करते हुए करेंगे यह गलतियां तो झड़ने लगेंगे बाल

जब बात बालों को शैम्पू करने की होती है तो वह सिर्फ शैम्पू का इस्तेमाल करने तक ही सीमित नहीं है। आपको इसके बाद कंडीशनर भी अवश्य लगाना चाहिए। यह आपके बालों को स्मूद बनाता है। जिससे कॉम्ब करते समय आपके बाल कम टूटते हैं। बालों की केयर का सबसे पहला व जरूरी स्टेप है हेयर वॉश करना। यह बालों व स्कैल्प पर जमी ऑयल व गंदगी को दूर करने में मदद करता है। हालांकि, हेयर वॉश करने का अपना एक तरीका होता है। अगर आप शैम्पू करते हुए कुछ छोटी-छोटी मिसटेक्स करते हैं तो इससे हेयर फॉल की समस्या शुरू हो सकती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको शैम्पू से जुड़ी उन गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिससे आपको बचना चाहिए।

### जोर से रगड़ना

कुछ लोगों की आदत होती है कि वह शैम्पू करते हुए बालों को तेजी से रगड़ते हैं। लेकिन आपको वास्तव में ऐसा नहीं करना चाहिए। दरअसल, जिस समय आप बालों को वॉश करते हैं, उस समय वह बेहद कमजोर होते हैं। ऐसे में अगर उन्हें जोर से रगड़ा जाए तो वह टूटने लग जाते हैं। आप चाहें तो शैम्पू करने के बाद हल्की मसाज कर सकते हैं, लेकिन तेजी से रगड़ने से बचें।

### कंडीशनर को स्किप करना

जब बात बालों को शैम्पू करने की होती है तो वह सिर्फ शैम्पू का इस्तेमाल करने तक ही सीमित नहीं है। आपको इसके बाद कंडीशनर भी अवश्य लगाना चाहिए। यह आपके बालों को स्मूद बनाता है। जिससे कॉम्ब करते समय आपके बाल कम टूटते हैं।

### बार-बार शैम्पू स्विच करना

कई बार ऐसा होता है कि हम टीवी में कोई ऐड देखते हैं और उससे प्रभावित होकर किसी नए ब्रांड का शैम्पू ले आते हैं। लेकिन इस तरह बार-बार शैम्पू को स्विच करना बालों के लिए सही नहीं माना जाता। कई शैम्पू में केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है और यह आपके बालों को डैमेज भी कर सकते हैं।

### बालों की प्रॉब्लम को ध्यान में ना रखना

जब आप बालों को वॉश करते है तो हमेशा अपने बालों की समस्या व हेयर टाइप को ध्यान में रखकर ही शैम्पू चुनना चाहिए। मसलन, अगर आपको रूसी की समस्या है तो एक एंटी-डैंड्रफ शैम्पू आपके काम आएगा। अगर आप इसे ध्यान नहीं रखते हैं तो इससे बालों को फायदा कम और नुकसान ज्यादा होता है। इसलिए पहले हमेशा अपने बालों की जरूरत को समझें और उसी के अनुसार शैम्पू इस्तेमाल करें।

# नीला हरा गोबिंदसागर में करें प्राकृतिक नजारों का दीदार






कुदरत ने अपने दिलकश फलक पर नीले हरे पनीले ब्रश से बहुत कुछ आकर्षक रचा है। खासतौर पर हर मौसम के मेज़बान हिमाचल प्रदेश के आंगन में बिछे कैनवास पर तो पर्यटकों के लिए पूरे बरस घुम्मकड़ी के लिए कितने ही गंतव्य हैं।

कुदरत ने अपने दिलकश फलक पर नीले हरे पनीले ब्रश से बहुत कुछ आकर्षक रचा है। खासतौर पर हर मौसम के मेज़बान हिमाचल प्रदेश के आंगन में बिछे कैनवास पर तो पर्यटकों के लिए पूरे बरस घुम्मकड़ी के लिए कितने ही गंतव्य हैं। बरसात के मौसम में सावन की बौछारों से पहाड़, घाटियां, वृक्ष नहाकर सर्द मौसम का स्वागत करने के लिए तैयार हो जाते हैं। हिमाचल की गोद में उगी अनेक प्राकृतिक व अप्राकृतिक झीलों का नीला हरा पानी पर्यटकों को कुछ अलग आनन्द देने के लिए बुलाता है। इन जल स्त्रोतों के लुभावने सानिध्य में असंख्य जलखेल प्रतियोगी व पर्यटक हर वर्ष आते हैं और जलक्रीड़ाओं का सक्रिय हिस्सा हो जाते हैं। इस बरस बरसे मेघों ने गोबिंदसागर को लबालब कर दिया है। कुदरत का खुशनुमा हरियाला आँचल आपको बुला रहा है।

पंजाब की धरती पर बसे आनंदपुर साहिब जहां विरासत ए खालसा का विशाल खूबसूरत परिसर है, से 83 किलोमीटर दूर बसे बिलासपुर को इस झील के किनारे बसे सुंदर स्थलों में गिना जाता है। जब भाखड़ा बांध का निर्माण हुआ तो पुराने बिलासपुर शहर को जल समाधि देनी पड़ी और भारत की संभवतः सबसे बड़ी मानव निर्मित लगभग 170 वर्ग किमी क्षेत्र में फैली खूबसूरत झील गोबिंदसागर का जन्म हुआ। पहाड़ी रास्ते पर यात्रा के दौरान हरे नीले पानी के लुभावने टुकड़े कभी दिखते हैं तो कभी छिपते हैं मगर खूब लुभाते हैं। यहाँ कैमरा आपको गाड़ी से उतरने को उकसाता है और आप गाड़ी रोककर चहलकदमी कर रहे होते हैं और नीले आसमान, छोटी छोटी हरी भरी पहाड़ियों की गोद में पसरे सागर को दिल में उतार लेना चाहते हैं। इस लघुसागर के किनारे अनगिनत मुहानों पर नई पुरानी किश्तियां घंटों जलआनंद देने के लिए तैयार हैं। गोबिन्दसागर भरपूर आबाद है। विशाल क्षेत्र में बसे दर्जनों गांव भी गोबिंदसागर में पानी लौट आने से नए ढंग से आबाद होते हैं। पैदल लिसलिसी धूल रेत मिट्टी से भरे रास्ते जलमार्ग हो जाते हैं। हजारों क्षेत्रवासियों का आवागमन इन जलमार्गों से होने लगता है। पुरानी किश्तियां पुनः सँवारी जाती हैं और नई बनाई जाती हैं। कई पुराने और नए धंधे आबाद करता है गोबिंदसागर का पानी पानी होना। मतस्यपालन ज्यादा जान पकड़ता है। स्वादिष्ट मछली दूर दूर तक स्वाद बांटती है, कोलकोता तक। इसी पानी पर तैरते हुए नावें घुमक्कड़ या यात्रियों को भाखड़ा, नैनादेवी, कंदरौर स्थित कभी एशिया के सबसे ऊंचे पुल तक या उससे आगे भी ले जाती हैं। बिलासपुर में समयोचित पर प्रशासन द्वारा बोटिंग के अतिरिक्त अन्य जल क्रीड़ाएँ भी आयोजित की जाती हैं। सतलुज नदी से बने गोबिंद सागर की गहरी गोद में पसरा जल सुबह से शाम तक कितने ही रंग बदलता है। आसपास फैली पर्वत श्रृंखलाओं की उंचाइयों पर जाकर दूर दूर तक फैली पनीली सुन्दरता का मज़ा लिया जा सकता है। बिलासपुर बंदला सड़क एक ऐसा ही लुभावना रास्ता है जहां कई मोड़ ऐसे हैं जहां रूककर बिलासपुर शहर और दूर दूर के नयनाभिराम नज़ारों का लुत्फ दिल खोलकर लिया जा सकता है। बीच में पक्की पगडंडी से जाकर झील से लबरेज़ धरती की खूबसूरती का स्वर्गिक निर्मल आनंद लिया जा सकता है। यहां बैंच लगे हैं जहां अक्सर क्षेत्रवासी और पर्यटक पिकनिक के लिए आते हैं। शाम होते और रात के समय बस्तियों की रोशनियाँ ठहरे पानी को रहस्यमय बना देती हैं। अली खड्ड पुल के कारण झील के पड़ोस में एक और आकर्षण जुड़ गया है। गोबिंदसागर झील में आते-जाते विशेषकर बच्चों को बहुत दूर से ही यह पुल लुभाने लगता है।



पुल के पास या नीचे से गुजरते समय इधर से उधर सरपट भाग रही गाड़ियों को वे सुलभ बालमन की लम्बी बाहों व भावनाओं की अंगुलियों से छेड़ लेते हैं। लारियां आती जाती हैं और पुल थरथराता रहता है। पुराने बिलासपुर शहर में सातवीं शताब्दी से 12वीं शताब्दी के बीच बने शिखर शैली के मंदिर गोबिंदसागर के निर्माण की पनीली गोद में समा चुके हैं। जब पानी उतरता है मंदिर के ऊपरी हिस्से दिखने लगते हैं तो इन्हीं मंदिरों के कलात्मक सानिध्य में अनेक पिकनिक प्रेमी रात का खाना एन्जॉय करते हैं तो उनकी रात अविस्मरणीय स्वादिष्ट अनुभव हो जाती है।

देश के पुरातत्व विभाग ने एक दर्जन से भी ज्यादा मंदिरों के पुर्नस्थापन की योजना बनाई है। यदि यह योजना सम्पन्न हो जाती है तो इतिहास के ये नमूने गोबिन्दसागर के गर्भ से नया जन्म लेंगे। यदि आप बिलासपुर में रुकना चाहें तो रुकने के लिए हिमाचल पर्यटन के होटल के अलावा कई प्राइवेट आराम गाहें भी हैं। गोबिंदसागर घूमने के बाद चाहें तो वाहन से उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध शक्तिस्थल नैनादेवी भी जा सकते हैं।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्पलवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।